● जयपुर, शनिवार, 17 अगस्त 24 ● वर्ष 14 ● अंक 2 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
विज्ञापन के लिए : 93145 05000
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 नौ बीघा भूमि पर बसाई गई दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त...

पेज @4 हर घर तिरंगा कार्यक्रम का पांचवा दिन, जिले में निकाली गई तिरंगा रैली...

पेज @8 उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जोधपुर में तिरंगा यात्रा को किया रवाना...

उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 11 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

# 78वें स्वतंत्रता दिवस पर एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय समारोह का हुआ भव्य आयोजन

## ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा राजस्थान : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 15 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों के माध्यम से प्रदेश के हर क्षेत्र में समृद्धि लाने के लिए कार्य कर रही है और पिछले आठ माह के अल्प समय में प्रदेश के विकास के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। उन्होंने हर नागरिक से प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आ''ान करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर राजस्थान को प्रगति की नई ऊचाईयों पर ले जाने के लिए कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने गुरूवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया और आजादी के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।





### ● प्रदेश में सड़कों का मजबूत नेटवर्क विकसित कर रही सरकार

शर्मा ने सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सड़कों का मजबूत नेटवर्क विकसित करने जा रही है। इसके लिए आगामी पांच वर्षों में 60 हजार करोड़ रूपये खर्च कर 53 हजार किलोमीटर लम्बाई का सड़क तंत्र विकसित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में अटल प्रगति पथ के निर्माण से लेकर शहरों को जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनाने सहित उपखण्ड, पंचायत समिति व तहसील मुख्यालय को जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए टू-लेन सड़क बनाने जैसे कार्य किए जाएंगे।

### ● ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा राजस्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन में लगभग 20 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से 6 वृहद पेयजल परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। इस वर्ष 15 हजार करोड़ रुपये व्यय कर 25 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, अमृत 2.0 मिशन में 183 शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए 2 वर्षों में लगभग 5 हजार 180 करोड़ रुपये के कार्य किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान में असीम संभावनाएं हैं। इसी क्रम में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत प्रत्येक जिले में 'आदर्श सौर ग्राम' स्थापित किए जाएंगे। ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न पीएसयू के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं। इनमें से चार परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कैबिनेट की मंजूरी भी प्रदान कर दी गई है।

### ● राजस्थान बनेगा निवेश का हब

श्री शर्मा ने कहा कि सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं पर फोकस कर रही है। राजस्थान को निवेश का हब बनाने के लिए 9 से 11 दिसंबर तक 'राइजिंग राजस्थान' का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए भी कई नवाचार कर रही है। नयी पर्यटन नीति, राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन करने के साथ ही राजस्थान टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड के माध्यम से 5 हजार करोड़ से अधिक के कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के कार्य समय पर हों, उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसके लिए सरकार सतत प्रयत्नशील है। इसी दिशा में सिंगल विंडो-सेम डे डिलीवरी सिस्टम प्रारम्भ किया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विभागों की 25 सेवायें 24 घंटों में प्रदान की जाएगी।

### ● ईआरसीपी के लिए भू अवाप्ति की कार्यवाही प्रारंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईआरसीपी परियोजना पूर्वी राजस्थान में सिंचाई एवं पेयजल के लिए जीवनरेखा सिद्ध होगी। सरकार द्वारा इस दिशा में तीव्रता से कार्य करते हुए भू-अवाप्ति की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है तथा प्रथम चरण के कार्यादेश भी जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 12.01 लाख मीट्रिक टन गेंहू, 3.52 लाख मीट्रिक टन सरसों, 9.92 लाख मीट्रिक टन मूंग एवं मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद की है। साथ ही, किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 1 हजार 466 करोड़ रूपये के बीमा क्लेम वितरित किये गये हैं। केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को 17,686 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया गया है। साथ ही, 1 लाख नये कृषकों को केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से ब्याज मुक्त फसली ऋण प्रदान किया गया है।

### ● समाज में अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति ही पहला व्यक्ति

श्री शर्मा ने कहा कि सरकार महिला शक्ति को आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'लखपति दीदी योजना' में इस वर्ष 5 लाख के स्थान पर अब 15 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पहला व्यक्ति मानकर उनके कल्याण के लिए कार्य कर रही है। वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में मासिक पेंशन की राशि बढ़ाने, एससी एसटी फंड और टीएसपी फंड की राशि बढ़ाकर एक हजार 500 करोड़ रुपये करने, बाबा साहेब अम्बेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना, गोविन्द गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना की शुरूआत सहित कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना से प्रेरणा लेते हुए शहरी क्षेत्रों एवं कस्बों में स्ट्रीट वेंडर्स के साथ ही अन्य जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों के लिए मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की जा रही है।

### ● पेपर लीक में एसआईटी द्वारा अब तक 157 गिरफ्तारियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के युवाओं को न्याय दिलवाने के लिए पेपर लीक के मामलों की त्वरित जांच करवाई है एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। एसआईटी द्वारा अब तक 50 एफआईआर दर्ज कर 157 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार देश की सेवा करने वाले अग्निवीरों को भी प्रदेश की विभिन्न सेवाओं में अवसर प्रदान करने जा रही है। बैटल कैज्युअल्टी (फैटल) घोषित किए जाने पर शहीद अग्निवीर के आश्रित को भी कारगिल पैकेज के तहत दी जाने वाली सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, अग्निवीर के स्थायी विकलांग होने की स्थिति में भी सरकार कारगिल पैकेज जैसी सुविधा देगी। श्री शर्मा ने कहा कि खिलाडियों को ओलंपिक और दूसरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के मकसद से मिशन ओलपिंक शुरू किया जा रहा है। साथ ही, संभाग स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज खोलने तथा खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन करने की कार्यवाही की जा रही है। कोच और स्पोर्ट्स स्पेशलिस्ट तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

### ● चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तंत्र की मजबूती के लिए उठाए महत्वपूर्ण कदम

श्री शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और स्वास्थ्य संबंधी आधारभूत ढांचे के विकास पर इस वर्ष बजट का 8.26 प्रतिशत हिस्सा खर्च किया जा रहा है। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना एवं प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य बीमा को एकीकृत कर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना प्रारम्भ करने के साथ ही गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच के लिए 'मां वाउचर योजना' शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयुष्मान मॉडल सीएचसी स्थापित किए जाएंगे। प्रदेशवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर ई-हैल्थ रिकॉर्ड बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है जिससे प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा परामर्श मिल सकेगा। 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए सभी जिला अस्पतालों में 'रामाश्रय' वार्ड बनाए जा रहे हैं। इन्हीं वार्डों में जांच, दवा एवं उपचार सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हमारी सरकार स्कूलों से लेकर कॉलेज तक शिक्षा के क्षेत्र में आमूल सुधार लाने के लिए कार्य कर रही है। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राजकीय महाविद्यालयों में 30 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिये आरक्षित की गयी हैं।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली। परेड में मध्य प्रदेश पुलिस प्लाटून, हाड़ी रानी महिला बटालियन, जयपुर पुलिस आयुक्तालय सहित विभिन्न पुलिस बलों, आरएसी, एनसीसी, स्काउट-गाइड, होमगार्ड एवं एमजीडी गर्ल्स स्कूल की टुकड़ियों ने भाग लिया। परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर आईपीएस (प्रोबे.) श्री शाहीन सी. ने किया।

समारोह में मुख्यमंत्री ने एडीजी ,सिविल राइट्स श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं एडीजी, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्रीमती बिनीता ठाकुर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। साथ ही, जिला कलक्टर जोधपुर श्री गौरव अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव वित्त (बजट) श्री श्रीकृष्ण शर्मा, मेडिकल कॉलेज जयपुर की आचार्य डॉ. आराधना सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. तपेश माथुर, संयुक्त परियोजना समन्वयक-तृतीय आईसीडीएस डॉ. मंजू यादव, अतिरिक्त सीईओ बालोतरा श्री भुवनेश्वर सिंह चौहान, सहायक लेखाधिकारी-प्रथम वित्त (नियम) श्री सतीश बंसल, निजी सहायक राजस्व विभाग श्री दीपेन्द्र पाल माकन, सहायक अनुभागाधिकारी कार्मिक विभाग श्री गजे सिंह चारण को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

समारोह में राजस्थान के अलावा मणिपुर और गुजरात से आए 150 से अधिक लोक कलाकारों ने मनोहारी लोक प्रस्तुतियां और प्रदेश भर से आए 1200 स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति परक गीतों की धुन पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर आर्मी बैण्ड, सेंट्रल पुलिस बैण्ड और एमजीडी स्कूल बैंड की ओर से आकर्षक बैण्डवादन की प्रस्तुति दी गई। भव्य समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक श्री यू आर साहू सहित स्वतंत्रता सेनानी, विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# तिरंगा हमें राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए करता है प्रेरित : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 15 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमें राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। यह हमारे भीतर राष्ट्र गौरव का भाव जगाता है। उन्होंने कहा कि हर-घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य हमारी भावी पीढ़ी को आजादी का महत्व समझाना है, जो हमें हमारे पूर्वजों के त्याग और बलिदान के बाद हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हमें हमारे उन शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हें नमन करना चाहिए।

शर्मा बुधवार को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में (आरआईसी) पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें हमारे कर्तव्यों का बोध करते हुए राष्ट्रहित में सदैव तत्पर रहना चाहिए। हमें समाज देश और प्रदेश के प्रति हमारे दायित्व को समझकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना प्रबल होगी तो हमारा देश दुनिया में सिरमौर बनेगा।





### वंचित तबके के कल्याण के लिए केन्द्र और राज्य सरकार कृतसंकल्पित

शर्मा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है। इस सकंल्प को पूरा करने में नागरिकों की भागीदारी भी आवशयक है। हम सब हमारे आस-पास के कमजोर और वंचित तबके को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। ऐसे लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठने से ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि हमें लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद आजादी मिली है। इसे सुरक्षित रखना हम सब का कर्तव्य है। देश की महिला शक्ति ने हर क्षेत्र में जीत का परचम फहराया है, जो हम सब के लिए गर्व की बात है। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हमें सीमा पर तैनात जवानों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए, जिनकी प्रतिबद्धता के कारण हम अमन और चैन के साथ रह पा रहे हैं। कार्यक्रम में लोक गायक श्री मामे खान ने अपने साथी कलाकारों के साथ देशभक्ति और राजस्थानी लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत मां तुझे सलाम गीत की प्रस्तुति के दौरान मुख्यमंत्री एवं दोनों उप मुख्यमंत्री सहित सभागार में उपस्थित लोगों ने अपने मोबाइल फोन की फ्लैश ला-इट जलाकर कलाकारों की हौसला हफजाई की।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज श्री अभय कुमार, प्रमुख शासन सचिव पर्यटन श्रीमती गायत्री राठौड सहित विभिन्न अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्र के प्रति रखें हम समर्पण भाव

शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से काम करना सबकी जिम्मेदारी है। हम चाहे किसी भी भूमिका में काम कर रहे हो, हमें हमारे कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ''एक दीपक आप जलाएं, एक दीपक हम जलाएं'' इस भावना के साथ मिलकर काम करने से अंधियारा दूर होगा और उन्नति का प्रकाश फैलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा हर कदम राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में आया परिवर्तन हम सबने देखा है। गरीब कल्याण, देश का विकास, आतंकवाद का खात्मा और दुनिया में भारत के सम्मान में निरंतर वृद्धि सहित हर आयाम पर हमने प्रगति की है।

# 'सेकुलर' सिविल कोड : हमारा संविधान हमारा सम्मान

मैं पिछले 24 वर्षों से लॉ स्टूडेंट्स को भारतीय संविधान पढ़ाते समय जब आर्टिकल 44 पढ़ाता हूं तो समान नागरिक संहिता को सेक्युलर सिविल कोड की संज्ञा देता आया हूँ, जब लाल किले की प्राचीर से सुप्रीम कोर्ट के माननीय चीफ जस्टिस एवं अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ने भी समान नागरिक संहिता को 'सेकुलर' सिविल कोड कहा है क्योंकि भारत केवल और केवल तभी एक सेकुलर राष्ट्र माना जाएगा, जब यहां पर एक यूनिफॉर्म सिविल कोड होगा। वस्तुतः इस यूनिफॉर्म कोड के बारे में बात करते समय कुछ तकनीकी बिंदुओं को स्पष्ट कर लेना जरूरी होगा। सबसे पहली बात तो यह कि संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 44 में यह साफ लिखा गया है कि "राज्यसत्ता भारत के नागरिकों पर एक समान नागरिक संहिता लागू करेगी।"

जब भाजपा समान नागरिक संहिता की बात करती है तो इसे विपक्षी दलों द्वारा एक "सांप्रदायिक एजेंडा" करार दिया जाता है। अव्वल तो यह "हिंदू सिविल कोड" नहीं, बल्कि कॉमन सिविल कोड है, और दूसरे "निर्देशक सिद्धांतों" के अनुसार इसका एक संवैधानिक आधार है। इस बात को सबको स्मरण में रखना चाहिए। दूसरे, जहां समान नागरिक संहिता का एक संवैधानिक आधार है, वहीं धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का कोई संवैधानिक आधार नहीं है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भी "पंथनिरपेक्ष" शब्द बाद में जोड़ा गया है। अब जब प्रस्तावना में दिनांक सहित लिखा हो कि .....अपनी इस संविधान सभा में आज दिनांक 26 नवंबर, 1949 ई. को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं ह्व ......तो बाद में इस प्रस्तावना में कुछ भी जोड़ना कुटकरण का अपराध होता है। क्योंकि जो कुछ भी संविधान सभा ने तय किया वो 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित हो चुका है, समाजवादी और पंथ निरपेक्ष 1976 में जोड़े गए ..इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट में निर्णय सुरक्षित रखा गया है। अतः स्पष्ट है कि वास्तव में "सेकुलरिज्म" भारतीय संविधान का हिस्सा मूल रूप से नहीं था।

इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान 1976 में आनन-फानन में विवादास्पद 42वां संविधान संशोधन करते हुए इसे संविधान की प्रस्तावना में जोड़ा था। किंतु धर्म और राज्य के सम्बंधों के स्वरूप की सुस्पष्ट व्याख्या संविधान में कहीं भी नहीं की गई है। तो फिर दुविधा कहां पर है? दुविधा के मूल में है संविधान का अनुच्छेद 25, जो कहता है कि भारत के नागरिकों को अपने धर्म के अनुपालन और प्रचार की स्वतंत्रता है। अलबत्ता उसमें यह भी कहा गया है कि यह स्वतंत्रता निर्बाध नहीं है, यह सार्वजनिक नैतिकता और व्यवस्था के अनुरूप होनी चाहिए। फिर इसी अनुच्छेद के दूसरे क्लॉज में यह भी साफ शब्दों में लिखा गया है कि इस अनुच्छेद का कोई भी प्रावधान राज्यसत्ता द्वारा कानून-निर्माण की प्रक्रिया में बाधा नहीं बनना चाहिए। दूसरे शब्दों में, अगर सत्तारूढ़ दल समान नागरिक संहिता सम्बंधी संवैधानिक प्रावधानों की सुस्पष्ट और सतर्क व्याख्या कर सके तो वह अपने पक्ष में व्यापक जनमत का निर्माण कर सकता है। इसके लिए भारत सरकार ने वर्तमान में "हमारा संविधान हमारा सम्मान" के नाम से अभियान चलाया है। खुद को उदारवादी और धर्मनिरपेक्ष कहने वाली जो फिरकापरस्त ताकतें जो वर्तमान विपक्ष में हैं, वे समान नागरिक संहिता का विरोध करती हैं, वे वास्तव में "मुस्लिम पर्सनल लॉ" की रक्षा करना चाहती हैं, किंतु वैसा वे अनुच्छेद 25 की आड़ में करती हैं, इस खेल को समझना बहुत जरूरी है। इन फिरकापरस्त ताकतों को और कुछ नहीं तो कम से कम संविधान सभा की बहसें ही पढ़ लेना चाहिए। जब संविधान सभा में अनुच्छेद 25 पर बहस चल रही थी तो 6 दिसम्बर 1948 को ओडिशा के नेता श्री लोकनाथ मिश्रा ने तीन बहुत पते की बातें कही थीं।

उन्होंने कहा था- 1) दुनिया के किसी भी देश के संविधान में धर्म के "प्रचार" को मूलभूत अधिकार का दर्जा नहीं दिया गया है, तो फिर हमारे यहां वैसा क्यों किया जा रहा है?

2) आयरलैंड के संविधान में बहुसंख्यक समुदाय की धार्मिक आस्था को "राजधर्म" जैसी विशेष अवस्था प्रदान की गई है, फिर हमें भारत में वैसा करने में लज्जा क्यों आ रही है?

3) सोवियत रूस में धर्म के अनुपालन की आजादी दी गई है तो धर्म-विरोधी प्रचार को भी उतनी ही आजादी दी गई है। यह इस्लामिक देशों के "ईशनिंदा कानून" के सर्वथा विपरीत है, जहां ईश्वर की सत्ता पर किसी तरह का प्रश्न पूछे जाने को "कुफ्र" कहते हुए उसे एक अपराध माना जाता है। हमारे संविधान में धर्म-विरोधी प्रचार का कोई अधिकार क्यों नहीं दिया गया है?

हमें यह याद रखना चाहिए कि जिन परिस्थितियों में भारत का संविधान रचा जा रहा था, वह अत्यंत कठिन समय था और सांप्रदायिक विभाजन से भारत देश की आत्मा कराह रही थी। वैसे में पहले ही दब्बू किस्म के भारतीय नेतागण "इस्लामिक पर्सनल लॉ" के मामले में और जोखिम लेने से थर-थर कांप रहे थे। लेकिन संविधान सभा के चेयरमैन डॉ. भीमराव आम्बेडकर स्वयं "समान नागरिक संहिता" के प्रबल पक्षधर थे, इस बात को हमारे उदारवादी बंधुओं को स्मरण रखना चाहिए। जब संविधान सभा में एक मुस्लिम के सदस्य द्वारा कहा गया कि भारत जैसे बड़े देश में समान नागरिक संहिता सम्भव नहीं है तो आम्बेडकर ने गरजते हुए जवाब दिया- "जब समान अपराध संहिता हो सकती है तो समान नागरिक संहिता क्यों नहीं हो सकती?"

इसके बाद आम्बेडकर ने जो प्रहार किया, वो तो और करारा था। जब मुस्लिम सदस्य ने कहा कि हमारे पर्सनल लॉ में बदलाव करना किसी के लिए सम्भव नहीं है तो आम्बेडकर ने उन्हें याद दिलाया कि 1935 तक नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंस में शरीयत कानून लागू नहीं थे। साथ ही, बॉम्बे, सेंट्रल प्रोविंसेस और यूनाइटेड प्रोविंसेस में तो उत्तराधिकार के कानून हिंदू विधि के अनुरूप संचालित हो रहे थे। इतना ही नहीं, केरल में रह रहे मुस्लिम तो मातृसत्तात्मक "मरुमक्कथयम" कानून का पालन करते आ रहे थे।

# विकसित भारत को गढ़ने के संकल्पों का उद्बोधन



ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लालकिले की प्राचीर से 78वें स्वतंत्रता दिवस का अब तक का सबसे लम्बा 98 मिनट का 11वां राष्ट्रीय उद्बोधन एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की बानगी है। जो आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये लोगों को ऊंचे सपने देखने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान की वैश्विक एवं राजनैतिक चुनौतियों को भविष्य की अपनी दृष्टि पर हावी नहीं होने दिया। यह उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। लालकिले से जब देश का प्रधानमंत्री बोलता है तो वह भारत के महान लोकतंत्र की उस आत्मा को साकार करता है जो इस देश के 140 करोड़ देशवासियों के भीतर बसती है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन को वास्तविकता की रोशनी में नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत के रूप में देखा जाना चाहिए। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को जरूरी बताने के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से लेकर रिफार्म्स तक, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से लेकर गवर्नेंस मॉडल, रोजगार, व्यापार, रक्षा, चिकित्सा समेत कई विषयों की चर्चा की। उन्होंने न्यायिक सुधारों पर आगे बढ़ने का भी संकेत दिया। इसके साथ ही वह विपक्ष को निशाना बनाने से नहीं चूके और सरकार का एजेंडा उन्होंने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। निश्चित ही अब तक हुए लालकिले की प्राचीर के उद्बोधनों में सर्वाधिक प्रेरक, संकल्पमय एवं विकसित भारत की इबारत लिखने वाला यह उद्बोधन रहा। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली महानायक का आह्वान है।

प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में खास एवं ऐतिहासिक होने की अनुगूंजें इस उद्बोधन में साफ सुनाई दी, जैसाकि उनके पूर्व के दो कार्यकाल इस लिहाज खास रहे हैं कि उनकी पार्टी के जिन लक्ष्यों को राजनीति की अन्य धाराएं लगभग नामुमकिन मानती थीं, उन्हें देश के अजेंडा का हिस्सा बनाते हुए हासिल कर लिया गया। चाहे वह अयोध्या में राममंदिर बनाने की बात हो या अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म करने की। तीसरे कार्यकाल में ऐसा ही एक और लक्ष्य है कॉमन सिविल कोड जो राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना बाकी है। मोदी ने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के रूप में इसका जिक्र करके यह संकेत दिया है कि इसे देशवासियों के लिए स्वीकार्य बनाना और लागू करना उनकी सरकार की प्राथमिकता में काफी ऊपर है। उनके शब्दों में




मौजूदा सिविल कोड एक तरह से साम्प्रदायिक नागरिक संहिता है। देश को ऐसे सिविल कोड की जरूरत है, जिससे धर्म के आधार पर भेदभाव से मुक्ति मिले। जब देश में अधिकतर मामलों में नागरिकों पर एक समान कानून लागू होते हैं तो फिर अलग-अलग धर्मों के अपने अलग-अलग लॉ भारत के संविधान पर सवालिया निशान लगाते दिखाई दे रहे हैं। मोदी देश में बार-बार होने वाले चुनावों को विकास की राह में बाधा मानते हैं और यह कोशिश करते रहे हैं कि पूरे देश में एक साथ चुनाव होने लगें। लेकिन हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटें कम होने के बाद उनकी पार्टी और सरकार का यह अजेंडा आगे बढ़ना मुश्किल भले ही माना जा रहा हो, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में इसका भी जिक्र करते हुए यह संकेत दिया कि इस दिशा में उनकी सरकार के प्रयास जारी रहेंगे। इन सबके साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की खास उपलब्धियों और उसके सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र करना नहीं भूले। अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं वाले इस बार के उद्बोधन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखा गया, उससे यही स्पष्ट हुआ कि वह अपने इस एजेंडे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद भी वह अपने लक्ष्य से डिगे नहीं हैं। इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने आंतरिक और बाहरी चुनौतियों की चर्चा करते समय बांग्लादेश के हालात का भी जिक्र किया और वहां के हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने एक ओर जहां जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति पर प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर कोलकाता की दिल दहलाने वाली घटना को ध्यान में रखते हुए नारी सुरक्षा की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने यह कहकर देश की राजनीति में व्यापक परिवर्तन लाने की भी पहल की कि आने वाले समय में एक लाख ऐसे युवाओं को अपनी पसंद के राजनीतिक दलों में सक्रिय होना चाहिए, जिनके परिवार के लोग पहले कभी राजनीति में न रहे हों। निश्चित ही भारतीय राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति एवं नए विचारों और नई ऊर्जा से ओतप्रोत युवा नेताओं की आवश्यकता है।

यह ऐतिहासिक उद्बोधन कोरा राजनीतिक उद्बोधन न होकर राष्ट्रीयता को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने का सशक्त आह्वान है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। हर भारतवासी मोदी के उद्बोधन से इसलिये भी प्रेरित एवं प्रभावित हुए है कि ह्यमिशन मोडह्व पर ह्यईज ऑफ लिविंगह्व को पूरा करने के अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए उसे आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने व्यवस्थित मूल्यांकन, बुनियादी ढांचे और सेवाओं में सुधार के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की बहुत जरूरी बात कही है। उन्होंने भारत में जीवन को आसान बनाने की अपेक्षा की, ताकि अमीरों एवं युवा प्रतिभाओं के पलायन को रोका जा सके। मोदी ने देश की जनता में जोश एवं संकल्प जगाते हुए ऐसा ही कुछ कहा जो जीवन की अपेक्षा को न केवल उद्घाटित करता है, बल्कि जीवन की सच्चाइयों को परत-दर-परत खोलकर रख देते हैं।

ह्यविकसित भारतह्व की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा को रेखांकित करते हुए कह रहा है कि देश किन्हीं समस्याओं पर थमे नहीं, रूके नहीं, क्योंकि समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर। यही भावना सबल सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत ने पिछले 78 वर्षों में जो प्रगति की उडान अपनी विविधता को संजाये हुए भरी है उससे पूरी दुनिया हैरत में है। बड़े-बड़े देश अब भारत के लोगों के विकास, ज्ञान और उनकी मेहनत के दीवाने हैं। दुनिया के हर कोने में भारतीय अपना झंडा गाड़ रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। उन्होंने नवाचार के इच्छुक उद्यमियों को विशेष रूप से संबोधित किया गया। भारत का निर्यात बढ़ना जरूरी है और इसके लिए ऐसे उत्पाद बनाने की जरूरत है, जिनकी विश्व स्तर पर मांग हो। देश में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ाने के मकसद से अगले पांच वर्षों में 75000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने की घोषणा महत्वपूर्ण है। ऐसी ही घोषणाओं से भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो सकेगा।

# स्वतंत्रता और सुशासन



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

न्यू इंडिया के रोडमैप पर कार्य करना समय की मांग है। इसके माध्यम से भारत विश्व के विकसित देशों में शामिल होगा। इसके अंतर्गत पांच ट्रिलियन की भारतीय अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। जब देश का माहौल बेहतर होता है, जब बाह्य व आंतरिक सुरक्षा मजबूत होती है, तब अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है। आंतरिक व बाह्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। देश की पन्द्रह हजार किमी की लैंड बाउंड्री पचहत्तर हजार की कोस्टल बाउंडरी है। इस सीमा में अभेद सुरक्षा तंत्र बनाने की जरूरत है। दुश्मन को कही भी जगह देने की जरूरत नही मिल सकेगी। नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल के प्रारंभ में कहा था कि अनावश्यक कानून बोझ की तरह है। उनकी सरकार ने ऐसे अनेक कानूनों को समाप्त किया। ब्रिटिश राज में बने आइपीसी सीआरपीसी जैसे कानून अब अप्रासंगिक हो चुके थे। इनमें सुधार किया गया। संघीय ढांचे का सम्मान करते हुए सरकार इस दिशा में कदम उठाए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने भी इस दिशा में बेहतर कार्य किया है। सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रदेश की कानून-व्यवस्था ने बड़ी भूमिका निभायी है। रूल ऑफ लॉ की स्थापना से देश-विदेश में प्रदेश का पर्सेप्शन बदला है। प्रदेश सरकार की सही नीति, साफ नीयत और सफल क्रियान्वयन से अपराधों में उल्लेखनीय कमी आयी है। सरकार ने सुशासन और संस्कृति का सुंदर समन्वय किया है। इसमें सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास समाहित है। यह शासन का स्थाई तत्व है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण व भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में है।संस्कृति और सुशासन को नया आयाम दिया है। प्रदेश में गत वर्षलगभग पचास करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ, जो देश में सर्वाधिक हैं। ब्रज तीर्थ विकास परिषद, विन्ध्यधाम तीर्थ विकास परिषद, नैमिषधाम तीर्थ विकास परिषद, चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद, देवीपाटनधाम तीर्थ विकास परिषद, शुकतीर्थधाम तीर्थ विकास परिषद तथा अयोध्याधाम तीर्थ विकास परिषद के नियोजित विकास का कार्य प्रगति के साथ आगे बढ़ रहा है।आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी गई। इसलिए देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। समर्पण और टीम इंडिया की भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है। प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रारम्भ करने जा रही है। इसके तहत राज्य सरकार दस लाख नई एमएसएमई इकाइयां स्थापित करने के लिए युवाओं की आर्थिक मदद करेगी। उत्तर प्रदेश आज अनलिमिटेड पोटेन्शियल वाले राज्य के रूप में स्थापित हो चुका है। प्रभावी रिसोर्स मोबिलाइजेशन से उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में देश में स्थापित हुआ है। राष्ट्रीय जीडीपी में नौ प्रतिशत से अधिक योगदान के साथ उत्तर प्रदेश, देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। विगत सात वर्षों में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में हमें सफलता प्राप्त हुई है। उत्तर प्रदेश के ट्रांसफॉर्मेशन की चर्चा राष्ट्रीय अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर है। यहां के ट्रांसफॉर्मेशन, परफॉर्मेंस तथा स्पीड को दुनिया बड़ी उत्सुकता से देख और सराह रही तथा प्रेरणा ले रही है।प्रदेश में अब तक हुए निवेश से करीब एक करोड़ पैसठ लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है।केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अपनाकर लाखों युवा स्वरोजगार से जुड़े हैं।स्टार्ट-अप इकाइयों के वित्त पोषण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्टार्टअप फण्ड की स्थापना की गयी है। आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, सहारनपुर में माँ शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय संचालित हो चुके हैं। मुरादाबाद में गुरु जम्भेश्वर के नाम पर राज्य विश्वविद्यालय, देवीपाटन मण्डल में माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय, मीरजापुर मण्डल में माँ विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय तथा कुशीनगर में महात्मा बुद्ध के नाम पर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का कार्य आगे बढ़ चुका है। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय बन कर तैयार है। गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण तेजी से पूर्ण हो रहा है। प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय मेरठ में निमार्णाधीन है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अब तक दो करोड़ बांसठ लाख किसानों के खाते में पच्त्तर हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अन्तरित की जा चुकी है। उत्पादन में चौदह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनपद आगरा में अन्तरराष्ट्रीय आलू केन्द्र का साउथ एशिया रीजनल सेण्टर स्थापित किया जा रहा है। सत्ताइस जनपदों में गंगा जी के तटीय क्षेत्रों तथा बुन्देलखण्ड में लगभग एक लाख चौबीस हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में जैविक खेती तथा गौआधारित प्राकृतिक खेती को प्रारम्भ किया गया है। सात वर्षों में प्रदेश में एक सौ अड़सठ करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। एक पेड़ माँ के नामह्व वृक्षारोपण अभियान के क्रम में छत्तीस करोड़ इक्यावन लाख से अधिक वृक्षारोपण का कीर्तिमान स्थापित किया गया है।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से उन्नीस लाख चौतीस हजार बालिकाओं को लाभान्वित कर रही है। इस योजना में लाभार्थी की राशि पंद्रह रुपये से बढ़ाकर पच्चीस हजार रुपये की गई है। राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार नियोजित प्रयास कर रही है। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। उद्यमियों की सुविधा के लिए सेक्टोरल नीतियां लागू हैं। सिंगल विण्डो पोर्टल निवेश मित्र ऑनलाइन प्रदान कर रहा है। प्लेज पार्क योजना के अन्तर्गत ग्यारह जनपदों में प्लेज पार्क्स स्वीकृत हुए हैं। पांच नए प्लेज पार्क प्रक्रियाधीन हैं। उत्तर प्रदेश अन्तरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित है। ह्यएक जनपद एक उत्पाद योजनाह्व के माध्यम से परम्परागत उत्पादों को प्रोत्साहित किये जाने के परिणामस्वरूप प्रदेश का निर्यात छीयासी हजार करोड़ रुपये से बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सहित अब तक प्रदेश को निवेश के लिए चालीस लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। चतुर्थ ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में दस लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतारी गई। विगत सात वर्षों में राज्य में सोलह लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतार करके प्रोडक्शन के लिए तैयार हैं। कम्पनियों के लिए नीति घोषित कर-के प्रदेश ऐसी नीति लाने वाला देश का अग्रणी राज्य है। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक संचालित और निमार्णाधीन एक्सप्रेस वे हैं। प्रदेश में पंद्रह क्रियाशील एयरपोर्ट्स हैं, इनमें चार अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे शामिल हैं।

# देवशरण सिंह: बिहार में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत



ई0 प्रभात किशोर

बिहार की पवित्र भूमि स्वर्ग से भी अधिक महनीय एवं काम्य है । बिहार के महान गौरव का श्रेय जाता है हमारे उन क्रान्तदर्शी ऋषियों, मुनियों, कवियों, शासकों, शिल्पियों, विज्ञान-धर्म-दर्शनशास्त्र के विज्ञाताओं, कर्मियों एवं कृषकों एवं विविध पेशों के लोगों को, जिनसे आज हम अनुप्राणित हैं । इन्हीं महामनीषियों में थे - बिहार विधान परिषद् के पूर्व सभापति श्री देवशरण सिंह ।

प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी श्री देवशरण सिंह का जन्म तत्कालीन शाहाबाद जिला (वर्तमान में भोजपुर जिला) के कोईलवर स्थित सिमरा बिलगावां गाँव में 17 अगस्त 1901 को हुआ था । उनके पिता का नाम श्री रामगुलाम महतो था । इनकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा बिहार नेशनल कॉलेजियट स्कूल, पटना में हुई थी। तत्पश्चात इन्होनें पटना विश्वविद्यालय अंतर्गत बिहार नेशनल कॉलेज, पटना से स्नातक एवं पटना लॉ कॉलेज से कानून की शिक्षा ग्रहण की । विद्यार्थी जीवन में हीं उन्होनें सन 1920 में असहयोग आन्दोलन में भाग लिया । सन 1927 में उन्होंने पटना जिलान्तर्गत बाढ़ सिविल कोर्ट में वकालत प्रारम्भ की । सन 1931, 1932 तथा 1942 में उन्होंने सविनय अवज्ञा आन्दोलन (सिविल डिसओबिडियेंस मूवमेंट) में भाग लिया, जिस दौरान कई बार जेल यात्रा करनी पड़ी । कारावास में उन्हें बर्फ की सिल्ली पर नंगे बदन लिटाकर गंभीर यातना दी गयी जिससे वे आजीवन त्रस्त रहे । भारतीय राजनीति में ऐसी यातना दो ही राजनेताओं को दी गयी जिनमें एक थे देवशरण बाबू तथा दूसरे थे - उतर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बनारसीदास गुप्त, जिनकी आवाज महिला की आवाज जैसी हो गयी थी । उन्होनें सन 1936 से हीं किसान आंदोलन में सक्रिय भाग लिया । ये सन 1937 से अखिल भारतीय कॉंग्रेस महासमिति (ऑल इंडिया कॉंग्रेस कमिटी ) के सदस्य रहे तथा 1948 से बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी समिति के सदस्य रहे । सन 1954 से 1957 तक वे पटना जिला कॉंग्रेस कमिटी के सभापति रहे ।

देवशरण बाबू सन 1946 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । 1946 में हीं वे विधान सभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए तथा 24 अप्रैल 1946 से 31 मार्च 1952 तक इस पद पर रहे। सन 1951 के बिहार विधान सभा के चुनाव में श्री सिंह पटना जिलान्तर्गत 5-फतुहा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए । उन्हें कुल 21698 वैध मतों में से 8481 तथा उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री बृजनंदन सिंह यादव (निर्दलीय) को 7753 वोट प्राप्त हुए। वे सन 1952 मे डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व वाले राज्य मंत्रिमंडल में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में शामिल किए गए। वे 14 सितम्बर 1953 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए । सन 1963 से 1965 तक बिहार राज्य योजना एवं विकास पर्षद (बिहार स्टेट प्लानिंग एण्ड डेवलपमेंट बोर्ड ) के अध्यक्ष पद पर रहे । तत्पश्चात 30 अगस्त



1965 से 6 मई 1968 तक बिहार विधान परिषद् के सभापति रहे । वे पुनः 7 मई 1968 से 1974 तक बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे । सन 1971 में प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने उनसे बाढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया पर पिछड़े एवं शोषित वर्गों की लड़ाई को अंतिम मुकाम पर पहुँचाने के अपने संकल्प के कारण उन्होने राज्य की राजनीति में हीं सक्रिय रहने का निश्चय किया । तब श्रीमती गाँधी द्वारा उनके विधायक पुत्र धर्मवीर सिंह को बाढ़ लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया जिन्होने शानदार जीत हासिल की तथा केन्द्र में मंत्री बने । जीवन के अंतिम वर्षों में वे कॉंग्रेस पार्टी की जातीय एवं कुत्सित राजनीति के शिकार भी हुए तथा उन्हें विधान परिषद की पुनः उम्मीदवारी के मुद्दे पर अंधेरे में रखते हुए टिकट से वंचित किया गया ।

हमारे समाज में गुलामी की बेड़ियों के मूल में जाति प्रथा है, यह तथ्य बाबू देवशरण सिंह अच्छी तरह समझ रहे थे । उन्हें इस बात का पूरा भरोसा था कि जनतांत्रिक प्रक्रिया हीं जाति प्रथा को समाप्त कर सकती है । अपने जनतांत्रिक मूल्यों, विश्वासों को जीवन में ढालते हुए और जाति प्रथा के दंश को महसूस करते हुए देवशरण बाबू इस निष्कर्ष पर पहुँचे थे कि जाति प्रथा और जनतंत्र साथ-साथ चल नहीं सकते । देवशरण बाबू के लिए जनतंत्र की हिमायत करना जाति प्रथा को निर्मूल करने की कोशिश का हिस्सा था । इस प्रसंग में उनका ध्यान सामाजिक संरचना में मौजूद पाखंड की ओर गया । वह मानते थे, ह्यह्यकहने के लिए हम कह देते हैं कि अस्पृश्यता बुरी है, जाति प्रथा बुरी है, सामाजिक भेदभाव बुरा है, लेकिन हमारी इन आस्थाओं का हमारे जीवन और आचरण से अधिक लगाव नहीं । हमारा मस्तिष्क जैसे अलग-अलग कोठों में बँटा है । एक ओर रूढ़िगत संस्कार है, दूसरी ओर मानवतावादी विचार । एक ओर आदर्श है, दूसरी ओर लूट-खसोट की पाशविक वृति । कहीं भी इनमें एकसूत्रता नहीं, संबद्धता नहीं है। व्यक्ति के रूप में भी हम टुकड़े-टुकड़े हैं, पूरे नहीं हैं । हमारे जनतांत्रिक विधान में जो कुछ प्रतिष्ठापित है, उसके लिए दृढ़ आधार न हमारे दिलों में बन पाया है, न दिमाग में । हमारा विश्वास समाजवादी गणतंत्र में भी है, जातिवाद में भी । परिणाम यह होता है कि जाति पहले आती है, गणतंत्र पीछे खिसकता चला जाता है । हम समाजवाद के नारे लगाते हैं और समाजवादी समाज की स्थापना करना चाहते हैं । लेकिन यह सीधी सी बात नहीं समझना चाहते कि जिनके वर्तमान सामाजिक या आर्थिक-व्यवस्था में निहित स्वार्थ हैं, वे समाजवादी क्रांति का नेतृत्व नहीं कर सकते ह्यह्य

श्री सिंह समाज के पिछड़े हुए लोगों की सेवा में सदैव कार्यरत रहे । बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग संघ (बिहार स्टेट बैकवर्ड फेडेरेशन) के अध्यक्ष के रूप में देवशरण सिंह ने पिछड़ी जातियों के लिए नौकरी में आरक्षण हेतु जबर्दस्त आवाज बुलंद की तथा इसके लिए संघर्ष का प्रतिनिधित्व किया। परन्तु कॉंग्रेस द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया । पिछड़ों एवं शोषितों के अधिकारों के रक्षार्थ पार्टी लाईन से बाहर जाकर भी संघर्ष एवं प्रयास करने में भी उन्होने परहेज नहीं किया । उनके सामाजिक जनजागरण का हीं नतीजा था कि तत्कालीन छोटानागपुर क्षेत्र से पिछड़े वर्ग के अनेक नेता बिहार विधान सभा के चुनाव में विजयमाला पहनकर पटना पहुँचे । बिहार में कपूरी ठाकुर को पिछड़े वर्गो का अगुआ माना जाता है, परन्तु सच्चाई यह है कि इनके जागरण एवं उद्धार हेतु विपरीत परिस्थिति में देवशरण बाबू ने संघर्ष किया था तथा मंडल आयोग ने भी अपने प्रतिवेदन में उनके जुझारू संघर्ष को नमन किया है ।

सामाजिक एवं राजनीति संबंधी उत्कृष्ट पुस्तकों के अध्ययन में उनकी विशेष अभिरूचि थी । वे निर्धन एवं मेधावी छात्रों की सहायता में आत्म-तृप्ति अनुभव करते थे तथा शोषणहीन एवं जातिविहीन समाज की स्थापना में अटूट विश्वास रखते थे । 9 जुलाई 1975 को लम्बी बीमारी के उपरान्त देवशरण बाबू अपने नश्वर शरीर को छोड़ अनन्त यात्रा पर कूच कर गये ।

जीवन पर्यन्त देवशरण बाबू जिन उद्देश्यों के लिए संघर्षरत रहे, वे आज भी हमारा मार्गदर्शन करते हैं । पिछड़ों के जनजागरण का उनका मूलमंत्र समाज के कमजोर वर्गों के हाथों में आज विद्यमान सत्ता का सूत्रधार बना । उनका जीवन हमें अपने अधिकारों के प्रति संघर्ष करने को उत्प्रेरित करता रहा है । देवशरण बाबू इस्पात के समान दृढ़ इच्छाशक्ति वाले महान देशभक्त और दूरद्रष्टा थे। आज भी युवा पीढ़ी के लिए उनके आदर्श और कर्मठता सफल जीवन का अनुकरणीय संदेश देते रहे हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर वरिष्ठ छाया पत्रकार होंगे सम्मानित।

**चमकता राजस्थान/जयपुर 16 अगस्त** । रोटरी क्लब जयपुर विश्व फोटोग्राफी दिवस की पूर्व संध्या पर रोटरी सभागार में 18 अगस्त 2024 को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे सेलिब्रेशन का आयोजन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सुरेंद्र जैन पारस के सहयोग से पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप सिंह राजावत के संयोजन में शाम 6:30 बजे आयोजित किया जा रहा है क्लब अध्यक्ष रो. गिरधर माहेश्वरी ने बताया है कि इस अवसर पर वरिष्ठ फोटो पत्रकार सुरेन्द्र जैन पारस, राकेश शर्मा राजदीप व भागीरथ बेसनेट के छायाचित्रों का स्लाइड शो होगा ' इस क्षेत्र में दी गई सेवाओं के लिए सीनियर फोटोग्राफर अजय सोलोमन एवं फोटोग्राफर राम सिंह चौहान को भी सम्मानित किया जाएगा' कार्यक्रम समापन से पूर्व श्रोताओं की जिज्ञासाओं के लिए प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी रहेगा 'इस सेशन में यह भी जान पाएंगे की कई बार किन-किन विषम परिस्थितियों से गुजर कर प्रेस फोटोग्राफर को फोटो लेनी होती है ।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मृतक आश्रितों को एक-एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किए



**चमकता राजस्थान/जयपुर,16 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में जयपुर जिले में 01 अगस्त 2024 को अतिवृष्टि से विश्वकर्मा ओद्योगिक क्षेत्र में रोड नम्बर 17 के मकान नम्बर 94-95, ध्वज नगर, वार्ड नम्बर 05 के बेसमेन्ट में पानी भरने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु के प्रकरण में मृतक आश्रितों को स्वीकृत सहायता राशि एक-एक लाख रूपये के चेक देकर राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने श्रीमती अमृता, श्री अशोक सैनी, श्री कतवारू सैनी के एक-एक लाख रूपये के आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए।

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के विश्वकर्मा ओद्योगिक क्षेत्र में रोड नम्बर 17 के मकान के बेसमेन्ट में पानी भरने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु की घटना के दूसरे दिन ही मौके पर पहुंच कर पीड़ितों को सांत्वना दी थी। उन्होंने पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया था।

### भारत विकास परिषद द्वारा किया गया राहत सामग्री का वितरण



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण )।** आज दिनांक :- 15 अगस्त 24 को वार्ड नंबर 16 तिलुआ का अड्डा के लगभग 8 घरों में नाला अबरुद होने के कारण कच्चे मकानो में पानी भर गया था! जिसे प्रशासनिक रूप से उन परिवारों को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 16 में अस्थाई रूप से रखा गया था !तथा प्रतिदिन उन्हें प्रशासन द्वारा भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए थे!

प्रभावित लोगों ने जब बताया कि उनके घर में रात को 3:00 बजे पानी इतना अधिक आ गया था कि उनकी चारपाई एवं अन्य सामग्रियां पानी में तैरने लगी तो बड़ी मुश्किल से भी लोग जान बचाकर वहां से निकले जब भारत विकास परिषद के लोगों को पता चला कि लोगों के घरों में गर्दन तक पानी भरा हुआ है! तथा उनके सारे कपड़े बिस्तर एवं रसद सामग्री भी भीग गई है! तो भारत विकास परिषद की दोनों शाखायो की प्रमुख पदाधिकारी ने उनके घर जाकर मदद की तथा एक माह की रसद सामग्री तथा कच्चे घरों को ढकने के लिए त्रिपाल भेंट की गई! प्रभावित परिवारों में राकेश हरिजन, रेनू मुनव्वर, अनार सिंह, सपना, नगमा, मन्नू परवीन एवं शब्बीर के घरों की व्यवस्था अत्यंत खराब होने के कारण की गई, भारत विकास परिषद ने मानवीय पहल करते हुए रीजनल सेक्रेटरी डॉ. शिव दयाल मंगल प्रान्तीय महिला समन्वयक सरोज मंगल कोषाध्यक्ष गोविंद राम गर्ग सचिव दीपक सिंगल विजेंद्र सोनी गौरव सोनी दिनेश मंगल तथा सूरजमल शाखा से अध्यक्ष पप्पूमल जिंदल कोषाध्यक्ष नरेंद्र मंगल संजीव गर्ग एवं देवेंद्र आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**चमकता राजस्थान/रमेश मोदी। चौमहला /झालावाड़।** 78 वा उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार प्रांगण में हर्षोल्लास से साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ने ध्वजारोहण कर किया ,इसके बाद खुली जीप में प्रांगण में परेड का अवलोकन किया और सलामी ली ,स्थानीय व डग के सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्रों व छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमो



की आकर्षक प्रस्तुति ,इस समारोह में समाजसेवी ,भामाशाहो सहित ,सभी विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मानित कर ,प्रशंसा पत्र,स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए ,इसके अतिरिक्त पत्रकार अलीम खान डग ,व संजय राठौर को भी सम्मानित कर प्रशंसा पत्र दिया गया , इस समारोह में उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा ,तहसीलदार जतिन दिनकर थाना प्रभारी नंद किशोर वर्मा , सरपंच प्रेमलता भंडारी ,अशोक भंडारी ,अनाज व्यापार संघ अध्यक्ष मनोहर लाल ओसवाल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम जैन ,किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया ,समाज सेवी व व्यापार संघ उपाध्यक्ष ,कान्हा राठौर ,विष्णु पोरवाल सहित गंगधार ,चौमहला के वरिष्ठ व गणमान्य नागरिक ,पत्रकार सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य,शिक्षक ,स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे ,

---

### ग्रामीण क्षेत्र में नवीनतम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सुविधाओं का होगा विस्तार

# जयपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की 73वीं वार्षिक साधारण सभा का हुआ आयोजन

### कृषकों की आय एवं जीवन स्तर में सुधार के लिये किये जायेंगे प्रयास -प्रशासक बैंक एवं जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 16 अगस्त।** ग्रामीण क्षेत्र में नवीनतम प्रौद्योगिकी के उपयोग को अधिकाधिक बढाते हुये बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जायेगा ताकि सरकार की योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय एवं जीवन स्तर में सुधार हो सके। जिला कलक्टर, जयपुर तथा जयपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रशासक श्री प्रकाश राजपुरोहित ने इस अवसर पर जारी संदेश में कहा कि जयपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक कृषि ऋणों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति प्रदान करने में सफल रहा है।

श्री पुरोहित ने कहा कि बैंक द्वारा सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में विकास को गति प्रदान की गई है और कृषि क्षेत्र को सशक्त करते हुये किसानों की आय को दुगुना करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि दिन प्रति दिन कृषि एवं व्यवसाय क्षेत्र में हो रहे बदलाव को देखते हुये बैंकिग क्षेत्र में बैंक द्वारा विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं व सेवाओं की शुरूआत की जा रही है।




**● किसानों को 1568 करोड़ का कृषि ऋण वितरण कर बैंक प्रदेश में रहा प्रथम-**

बैंक के प्रबंध संचालक श्री मदन लाल गुर्जर ने बताया कि गत वर्ष बैंक द्वारा 2 लाख 63 हजार से अधिक किसानों को रिकार्ड 1568 करोड़ रुपये का अल्पकालीन कृषि ऋण का वितरण किया जो कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है। श्री गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष बैंक द्वारा 21795 नये सदस्यों को अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण वितरण के दायरे में लाया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2000 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### 10 करोड़ से अधिक का हुआ शुद्ध लाभ

एक करोड़ के लाभांश वितरण का लिया निर्णय- उन्होंने बताया कि बैंक को वर्ष 2023-24 में 2565.64 लाख रुपये का परिचालन लाभ तथा 1001.11 लाख रुपये का रिकार्ड शुद्ध लाभ हुआ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 250 लाख रुपये अधिक है। प्रबंध संचालक ने बताया कि इस वर्ष बैंक की साधारण सभा द्वारा 1 करोड़ रुपये लाभांश वितरण करने का निर्णय किया है। बैंक की वार्षिक साधारण सभा ने वर्ष 2024-25 के लिये 181.91 करोड़ रुपये का बजट पारित किया। श्री गुर्जर ने बताया कि बैंक द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों की भांति आरटीजीएस, नेफ्ट, ईसीएस, ईकॉम सहित एटीएम की सेवायें दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं का विस्तार करते हुये अब जेसीसीबी एम-पे एप्प के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग सेवायें प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के ''सहकार से समृद्धि'' नवाचार के अन्तर्गत सभी पैक्स का कम्प्यूटराईजेशन करवाया जा रहा है। इसे इसी वर्ष पूर्ण कराने के लिये कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। पैक्स के कम्प्यूटराईजेशन पूर्ण होने से सभी पैक्स के द्वारा किये जा रहे कार्यों में पारदर्शिता स्थापित होगी तथा किसानों को नवीन प्रौद्योगिकी का लाभ एक क्लिक पर मिल सकेगा।

बैंक की साधारण सभा में सदस्य ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्ष, प्रशासक सहित सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी एवं जयपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर किया ध्वजारोहण

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 15 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 78वें स्वतन्त्रता दिवस पर गुरूवार को प्रातः 7:15 बजे 8, सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री को कंपनी कमांडर श्रीमती मीरा के नेतृत्व में आर.ए.सी. की टुकड़ी ने सलामी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं निवास के अधिकारी-कर्मचारियों ने शर्मा को व्यक्तिशः स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर आए बच्चों को लड्डू खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।



## एएसआई योगेश कुमार ने धरसोनी विद्यालय के छात्र छात्राओं का किया सम्मानित

चमकता राजस्थान



वैर (राजवीर सिंह) उपखण्ड के धरसोनी गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धरसोनी में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा दसवीं व कक्षा 12वीं में आए प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को नदबई थाने पर पद स्थापित योगेश कुमार एएसआई द्वारा राजस्थान पुलिस विभाग भरतपुर की ओर से छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र व नगद राशि देखकर सम्मानित किया गया कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान आने वाली छात्रा मधु कुमारी को प्रशस्ति पत्र व शील्ड तथा नगद 2100 रुपए दिए गए तथा कक्षा 12वीं में द्वितीय स्थान आने वाली छात्रा तनिष्का को प्रशस्ति पत्र व शील्ड तथा नगद 1100 रुपए देक र सम्मानित किया गया इसी तरह कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान आने वाले छात्र दिवांशु को प्रशस्ति पत्र व शील्ड तथा नगद 2100 रुपए दिए गए।कक्षा दसवीं में द्वितीय स्थान आने वाली छात्रा ज्योति को शील्ड ,प्रशस्ति पत्र व नगद 1100 रुपए, कक्षा दसवीं में द्वितीय स्थान पर समान अंक प्राप्त करने पर पुष्कर को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व नगद 1100 रुपए देकर सम्मानित किया गया ज्ञात रहे की धरसोनी गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा दसवीं में 39 छात्र-छात्रा एवं कक्षा 12वीं में 19 छात्र छात्र थे जो सभी प्रथम श्रेणी पास हुए बहुत अच्छा रिजल्ट होने पर स्कूल की प्रधानाचार्य सागरबाई मीणा को एएसआई की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी द्वारा शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया एएसआई योगेश कुमार का कहना है कि स्कूलों में प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा तो अन्य छात्रों में भी कंपटीशन की भावना जागेगी।

### टूरिज्म कैलेंडर में शामिल होगा मीरा महोत्सव : दिया कुमारी

**चमकता राजस्थान/जयपुर,16 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि मेड़ता का मीरा महोत्सव शीघ्र ही राज्य कैलेंडर में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मेड़ता सिटी में सवा पांच सौ साल से उपखंड स्तर पर मीरा महोत्सव मनाया जाता रहा है।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी इस बार उपखण्ड स्तर पर मनाये जा रहे मीरा महोत्सव 2024 में शामिल होने के लिए 14 अगस्त बुधवार को मेड़ता पहुंची थी जहाँ पर उन्होंने ने उक्त घोषणा की। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र वासियों की ओर से मीरा महोत्सव को पर्यटन विभाग के कैलेंडर में शामिल किये जाने की मांग निरंतर हो रही थी, जिसे उपमुख्यमंत्री ने पूरा किया है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मीरा महोत्सव को और अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मीरा स्मारक का अवलोकन कर वहां पर्यटन विकास की संभावनाओं को भी देखा। उन्होंने कहा कि मीराबाई ने बाल्यकाल से ही भक्ति का मार्ग चुना। हम सौभाग्यशाली है कि मां मीरा जैसी कृष्ण भक्त का राजस्थान में जन्म हुआ। इस सांस्कृतिक विरासत को आज की पीढ़ी भूलती जा रही है। इसको जिन्दा रखने इतिहास बताने का काम किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**चमकता राजस्थान। जयपुर, 16 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



शर्मा ने कहा कि भारतीय राजनीति के 'अजातशत्रु' भारत रत्न स्व. वाजपेयी राजनीति के पुरोधा थे। प्रखर वक्ता एवं कुशल राजनेता स्व. वाजपेयी ने राजनीति में उच्च आदर्शों की स्थापना कर देश को एक नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## सावन की रिमझिम बूंदों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

चमकता राजस्थान

**धौलपुर( रामदास तरुण )।** धौलपुर, 15 अगस्त को जिले में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित आरएसी पर-ेड ग्राउंड पर किया गया। सावन की रिमझिम बूंदों के बीच मुख्य समारोह में पूर्ण उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया गया !समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली! एवं परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में शामिल राजस्थान पुलिस, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान गृह रक्षा दल, एनसीसी, स्काउट की टुकड़ियों का परेड कमांडर प्रमेन्द्र रावत के नेतृत्व में निरीक्षण किया। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ने महामहिम राज्यपाल का प्रदेश के नाम संदेश पढ़कर सुनाया। इससे पूर्व जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कलक्टर निवास एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने बालिकाओं की डिजिटल साक्षरता के पोस्टर का विमोचन किया। जिला कलक्टर संगीत एवं राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत करने वाली बालिकाओं को पारितोषिक वितरित किए। आरएसी मैदान पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में रिमझिम बारिश के बीच भी राष्ट्रपर्व के प्रति नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं की उत्साह एवं उल्लास की बानगी देखने को मिली एवं व्यायाम पीटी का प्रशंसनीय प्रदर्शन किया।



### विभिन्न कार्यालयों पर किया ध्वजारोहण

78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा द्वारा, सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय में सहायक जनसम्पर्क अधिकारी रोहित मित्तल, स्वास्थ्य भवन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीणा द्वारा, पंचायत समिति कार्यालय में विकास अधिकारी द्वारा, तहसील कार्यालय में तहसीलदार द्वारा,, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में महाप्रबन्धक मितुल गोयल द्वारा, सामान्य चिकित्सालय में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी समरवीर सिंह द्वारा, शिक्षा अधिकारी कार्यालय माध्यमिक एवं प्रारम्भिक में वहां के शिक्षा अधिकारियों सहित सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में वहां के संस्था प्रधानों द्वारा ध्वजारोहण किया।

# देश के 78 वें स्वाधीनता दिवस पर जयपुर मेट्रो सीएमडी पी.रमेश ने किया ध्वजारोहण

चमकता राजस्थान

**जयपुर 15 अगस्त।** जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रंबध निदेशक पी. रमेश ने आज मेट्रो के मानसरोवर स्थित डिपो के प्रशासनिक भवन में देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः 8.00 बजे ध्वजारोहण किया, आजादी के शहीदों को नमन किया एवं स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के दौरान सभी निदेशकगण, अधिकरीगण, मेट्रो पुलिस एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के तहत पी.रमेश, सभी निदेशकगण व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कैनवास पर ''हर घर तिरंगा व जय हिन्द'' अंकित किया गया। इस अभियान को आगे बढाते हुए पी. रमेश द्वारा सभी उपस्थित गण को हर घर तिरंगा प्रतिज्ञा दिलवायी गयी।




पी.रमेश ने कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 के दौरान 22 मेट्रो अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। पी. रमेश ने अपने अभिभाषण में बताया कि जयपुर मेट्रो रेल सुबह 5:20 से रात 10:20 बजे तक निर्बाध एवं संतोषप्रद रूप से जयपुरवासियों को सेवाएं प्रदान कर रही है। जिससे मेट्रो राईडरशिप, किराया आय अर्जन तथा नवीनतम प्रयोगों से गैर किराया अर्जन में काफी वृद्धि हुयी है, साथ ही रूट एक्सटेंशन का कार्य भी प्रगति है। इन सभी उपल्बिधयों के लिए पी.रमेश द्वारा चारों निदेशालयों के निदेशकगण व उनकी पूरी टीमों को बधाई दी गयी।

अंत में पी.रमेश ने बताया कि हमें गर्व है कि देश के संविधान का पालन करते हुए जयपुर मेट्रो को एक आत्मनिर्भर, विकसित उपक्रम और जयपुर को आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न शहर बना रहे हैं। हमें यह दृढ़ आशा है कि जयपुर मेट्रो अगले दिनों में और भी उन्नति की ओर बढ़ता रहेगा और हमारे जयपुर मेट्रो शहर को गौरान्वित करता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में चौमहला ,गंगधार कस्बा रहा बंद



**चमकता राजस्थान /रमेश मोदी। चौमहला /झालावाड़।** बांग्लादेश मे हिंदुओ के खिलाफ हो रही हिंसा व अत्याचार के विरोध में चौमहला व गंगधार कस्बा हिंदु संगठनों के आव्हान पर पूर्ण रूप से बंद रहा ,बंद का व्यापक असर देखने को मिला सुबह से ही सारा कस्बा व व्यापार व्यवसाय बंद रहा ,दोपहर को सभी संगठनों ने झंडा चौक पर एकत्रित होकर कस्बे में जनआक्रोश रैली निकाली ,इसके बाद उपखंड कार्यलय पहुँच कर उपखंड अधिकारी दिनेश मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपकर ,बांग्लादेश में निवासरत हिंदुओ ,सिख व अन्य अल्प संख्यक समुदाय के धार्मिक स्थानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने की मांग की है ,उनकी जान ,माल का खतरा पैदा हो गया है ,उनकी सुरक्षा करने की मांग की गई ।

### रावणा राजपूत प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला ने किया ध्वजारोहण



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर रावणा राजपूत छात्रावास विद्याधर नगर जयपुर पर रावणा राजपूत प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला ने ध्वजारोहण कर मां के नाम एक पेड़ अभियान वृक्षारोपण कर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाओं के साथ आवाहन किया की हर व्यक्ति को एक पेड़ अवशय लगाना चाहिए !कार्यक्रम में सूरज सिंह ओम सिंह आकोडिया, सुरेश सिंह टॉक, चरण सिंह सांखला ,नारायण सिंह , नंद सिंह ,रामदेव सिंह ,गुमान सिंह ,सेठू सिंह ,मदन सिंह ,विक्रम सिंह आकोदा ,दौलत सिंह ,विक्रम सिंह ,श्रवण सिंह भाटी, संपत सिंह ,रविंद्र सिंह भाटी, प्रताप सिंह ,अजय जेन व समाज के वरिष्ठ गण उपस्थित रहे

### हर्षोल्लास के साथ मनाया 78वा स्वतंत्रता दिवस, डॉ. भानु शर्मा कमांडेड ने ध्वजा रोहणकर सलामी ली




**चमकता राजस्थान। धौलपुर ( रामदास तरुण)।** आज जिला धौलपुर में 15 अगस्त 24 को होम गार्ड ट्रेनिंग सेंटर में 78वा स्वतंत्रता दिवस समारोह के शुभ अवसर पर डा. भानू शर्मा कमाडेंट ने ध्वजा रोहड़ कर सलामी ली! एक होम गाड्र्स प्लाटून के जवानो ने जिला स्तरीय परेड आरएसी लाइन धौलपुर में भाग लिया! प्लाटून का नेतृत्व हरेंद्रपाल हवलदार बैल्ट नम्बर 89 ने किया! और बाइक रैली ऑफिस से लेकर लाल बाजार, हनुमान तिराया, पुरानी सब्जी मंडी, तोप तीराया, संतर रोड, बस स्टैण्ड गुलाब बाग, पैलेस रोड चूड़ी बाजार, लाल बाजार, पुराना डाक खाना, कचहरी परिसर ऑफिस में समाप्त हुई, बाइक पर सवारी करते वक्त हेलमेंट का उपयोग करने सन्देश दिया। और इस अवसर पर विधान सभा चुनाव और लोक सभा चुनाव 2024 में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सभी ड्यूटीया करने जैसे, यातायात जेल, नाइट गस्त, डीएम, वन विभाग, तहसील आदि जगह पर बड़ी ईमानदारी लगन अच्छे टर्न आउट वाले 30 स्वयंसेवक को 21/रूपये मय प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया गया! सभी सदस्यों को अल्पाहार कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया! इस कार्यक्रम के मौके पर स्टाप रामगोपाल डिप्टी कमांडेंट, काडुराम पी सी, हरेंद्र सिंह वरिष्ठ सहायक, शिवकुमार कांस्टेबल, चाद्दीराम कांस्टेबल सहायक कर्मचारी रामदीन, वाहन चालक मानसिंह एन 84 और सदस्य धौलपुर /बाड़ी के बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे!

### स्वतंत्रता दिवस के गौरवपूर्ण शुभ अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बाड़ी में हर्षोउल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में स्वतंत्रता दिवस के गौरवपूर्ण शुभ अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बाड़ी में हर्षोल्लास ,जोश एवं समर्पण भाव से ध्वजारोहण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ''ान पर घर-घर तिरंगा के तहत संस्थानों पर भी ध्वजारोहण कर तिरंगा फहराया गया !गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रभाकर दीक्षित ने गायत्री परिजनों के साथ ध्वजारोहण किया !उन्होंने कहा आज हम उन अमर शहीदों कौ नमन करें !जिनके त्याग और बलिदान से हम आजादी की सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर रामबरन सिंह परमार, राधेशयाम गोयल, डॉ. संजय कुमार, लोकेंद्र सिंह बाबा, केदार, अरुण कुमार शुक्ला, गुर्जर बाबा, लोकेंद्र सिंह परमार आदि लोग ने भागीदारी की।

## मौसम पूर्वानुमान में सुधार के लिए रिलायंस फाउंडेशन और आईएमडी ने किया एमओयू

### जलवायु चेतावनी और आजीविका सुधार में सहयोग बढ़ाने पर सहमति

चमकता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक महत्वपूर्ण एमओयू किया है, जो जलवायु-प्रभावित समुदायों को बेहतर मौसम जानकारी और सहायता प्रदान करेगा। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र और रिलायंस फाउंडेशन के सीईओ श्री जगन्नाथ कुमार ने नई दिल्ली में इस एमओयू पर पर हस्ताक्षर किए।

इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और मौसम से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए समुदायों को तैयार करना है। इसके तहत, मौसम पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी सेवाओं को मजबूत करने के लिए अनुसंधान किया जाएगा और विभिन्न विशेषज्ञों के साथ मिलकर चर्चा की जाएगी। इस प्रयास से मौसम के बदलावों के प्रति लोगों की सहनशीलता बढ़ेगी।



रिलायंस फाउंडेशन, विशेष रूप से ग्रामीण और सीमांत समुदायों के लिए, उपयोगी और सरल तरीके से मौसम की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इससे उन समुदायों को विशेष लाभ मिलेगा जिनकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच सीमित है। इस साझेदारी के माध्यम से, रिलायंस फाउंडेशन और आईएमडी यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक लोग मौसम की जानकारी का सही और सुरक्षित उपयोग कर सकें, जिससे उनकी सुरक्षा और आजीविका में सुधार हो सके।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय व आरएसआरडीसी मुख्यालय पर हुआ ध्वजारोहण



» भारत के 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर जयपुर स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्यालय तथा आ-रएसआरडीसी मुख्यालय पर ध्वजारोहण किया गया !



» सार्वजनिक निर्माण विभाग विभाग मुख्यालय पर विभाग के सचिव डीआर मेघवाल ने ध्वजारोहण किया वहीं आरएसआरडीसी मुख्यालय पर एमडी सुनील जयसिंह ने ध्वजारोहण किया





» सार्वजनिक निर्माण विभाग में एक्सईएन मुख्यालय प्रियंका मीणा को सचिव डीआर मेघवाल ने अच्छे कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



» सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने अपने सभी अभियंताओं को भी स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवं स्वतंत्रता दिवस पर किए गए अच्छे कार्यों के लिए धन्यवाद दिया !

### एक्सीलेन्स नॉलेज सिटी फोर गर्ल्स महाविद्यालय सीकर में हर्षोल्लास से मनाया गया 78 वाँ स्वतन्त्रता दिवस समारोह

- लाखों स्वतंत्रता सेनानीयों के बलिदान के बाद मिली थी देश को स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकार:- वाहिद चौहान



**चमकता राजस्थान। जयपुर/सीकर! (खलील कुरैशी)** एक्सीलेन्स नॉलेज सिटी फोर गर्ल्स महाविद्यालय सीकर में 78 वाँ स्वतन्त्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया इस मौके पर ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ आजादी के पावन पर्व पर स्कूल,कॉलेज व बी.एड. महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंगा कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया गया ।समारोह में संस्था चैयरमेन जनाब वाहिद चौहान,के साथ मैनेजमेन्ट सदस्य असरार अहमद व अबरार अहमद तथा समस्त स्टाफ सदस्यों के अलावा अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।संस्था डायरेक्टर रिजवान चौहान व ×फलक नाज़ चौहान ने छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

### मोशन भरतपुर में 78 वॉ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** आईआईटी जेईई व नीट परीक्षा की तैयारियों के लिए समर्पित मोशन भरतपुर में 78 वॉ स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएफ जवान नाहर सिंह आजाद्पुरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज माखन ने की।मुख्य अतिथि नाहर सिंह बीएसएफ आजाद्पुरा ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही मुख्य अतिथि बीएसएफ जवान नाहर सिंह ने बच्चों को देश के वीर जवानों की कहानियों से प्रेरित करते हुए संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर माहौल में देशभक्ति का भाव भर दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज माखन ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना देते हुए बच्चों को बेस्ट फ्यूचर बनाने पर कहा कि आप डॉक्टर और इंजीनियर बनके भी अपने देश की रक्षा में योगदान दे। और कहा कि मोशन भरतपुर इंजीनियर व डॉक्टर की तैयारी कराने वाला कोटा का एक मात्र संस्था है जो कोटा की शिक्षा नीति से भरतपुर में बच्चो को तैयारी करवाता है।और शहीदों की शहादत को याद करने का आहवान किया।

## हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस

### देश भर के 75 प्रमुख जिलों में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनियों का आयोजन

चमकता राजस्थान

मुंबई।: भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने कई नवोन्मेषी पहलों के साथ भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चांद, कार्यपालक निदेशकों, सीवीओ और वरिष्ठ कार्यपालकों ने मुंबई स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में सहभागिता की।

बैंक और उसके कर्मचारियों ने हर घर तिरंगा अभियान का भी बड़े उत्साह के साथ समर्थन किया। यह पहल देशभक्ति की भावना को प्रगाढ़ करने हेतु नागरिकों को अपने घरों और कार्यालयों में गर्व से तिरंगा फहराने और हर घर तिरंगा पोर्टल पर उसकी तस्वीरें पोस्ट करने के लिए आमंत्रित करती है।

इसके अलावा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कॉर्पोरेट कार्यालय और भारत भर के 75 प्रमुख जिलों में प्रदर्शनियों का आयोजन करके 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया । 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस₹ का उद्देश्य विभाजन के दौरान लाखों लोगों की पीड़ा और संघर्ष पर प्रकाश डालना है। ये प्रदर्शनियां भारत के विभाजन की कहानी बयां करती हैं और इनका उद्देश्य बलिदानियों और उनके द्वारा किए गए त्याग को याद करना और सभी भारतीयों के बीच एकता और अखंडता की भावना विकसित करना है।

### "नशा मुक्त भारत अभियान" के तहत नशीली दवाओं के खिलाफ शपथ

बैंक ने प्रदर्शनी के उद्घाटन के लिए प्रमुख स्थानीय गणमान्य हस्तियों को आमंत्रित किया। मुंबई में, 1971 के युद्ध के अनुभवी ब्रिगेडियर एसडी सलोखे ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर इस अवसर की शोभा बढ़ाई । बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चांद ने कहा, ₹ भारत के 78 वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाते हुए आवश्यक है कि हम उन लोगों की स्मृति का सम्मान भी करें जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया और एक ऐसे भविष्य के लिए स्वयं को प्रतिबद्ध करें जहां हर व्यक्ति का सम्मान किया जाए। ऐसा करके, हम न केवल अपने अतीत के प्रति आदर व्यक्त करते हैं बल्कि एक अधिक उल्लसित और एकजुट समाज के निर्माण में भी योगदान करते हैं।₹ उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान में बैंक के कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता का भी आह्वान किया। श्री चांद ने कहा, 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास आकांक्षाओं को बल देने में एक महत्त्वपूर्ण साझेदार की भूमिका निभाता रहा है और हम देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## महानिदेशक पुलिस एसीबी राजस्थान डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर एसीबी कार्यालय में किया विधिवत झंडारोहण

# राष्ट्रीय महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर दिया विशेष ओजस्वी और देशभक्त से ओत-प्रोत संबोधन

## कर्तव्यपरायणता के साथ असाधारण प्रदर्शन करने वाले 31 अधिकारी/कर्मचारी एसीबी महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) व प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

चमकता राजस्थान

जयपुर, !(खलील कुरैशी) 16 अगस्त, गुरुवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने गुरूवार को झालाना डूंगरी, जयपुर स्थित एसीबी मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित एसीबी महानिदेशक डिस्क (डीजी डिस्क) सम्मान समारोह में 31 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।







### एसीबी डीजीपी डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने किया संबोधित

महानिदेशक डॉ. मेहरडा ने सम्मानित होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाईदेते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप राजस्थान एसीबी ने भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई की है। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि हमें एसीबी में भ्रष्ट लोकसेवको पर पूरी ईमानदारी, मेहनत, एवं लगन के साथ कार्यवाही करनी होती है। हमने प्रयास किया है कि हम आमजन के दिल में विश्वास जगाएं और उन्हें भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक कर सकें। ब्यूरो प्रमुख डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा नें कहा कि एसीबी राजस्थान में कार्यबल कम है परन्तु हमारे सतत प्रयास के कारण पूरे मनोयोग से हमनें आमजन में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होनें कहा कि एसीबी हेल्पलाईन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सअप हेल्पलाईन 94135-02834 को भी हमने सुदृढ बनाया है जिसके परिणाम स्वरूप आमजन द्वारा लगातार हमें सूचना देकर भ्रष्टाचार कि शिकायत की जा रहीं है।एसीबी महानिदेशक डॉ. मेहरडा ने कहा कि राजस्थान एसीबी की पूरी एसीबी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसीबी के अधिकारियों एवं कर्मचारी को उनके द्वारा किए गए असाधारण कार्य प्रदर्शन, कर्तव्य परायणता तथा सराहनीय कार्य के फलस्वरूप डीजी डिस्क व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज सम्मानित तथा साथ ही एसीबी की पूरी टीम भविष्य में भी इसी लग्न एवं निष्ठा से कार्य करते रहेंगे और ज्यादा से ज्यादा आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति सजग एवं जागरूक बनायेगें।

### ये पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी हुए सम्मानित

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार, हिमांशु, उप अधीक्षक पुलिस संजय रॉयल, पुलिस निरीक्षक हरिशचन्द्र सिंह,श्रवण कुमार आनन्द मिश्रा, रीना मिस्त्री, उप निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक रतनदीप बापट, जयराम, रमेशचंद पारीक, मुख्य आरक्षक गिर्राज पुरी, सुभाषचंद मील, ओमप्रकाश, हिम्मत सिंह, भरत सिंह, कानिस्टेबल सुरेश जाट, लालचन्द सरदार सिंह, राजेन्द्र सिंह किशनाराम भगवान दास, विजेन्द्र सिंह, हीरालाल, दीक्षा कंवर, संजीव कुमार को महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।साथ ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय के मंत्रालयिक सेवा के अधिकारी राजेन्द्र भंडारी, हेमलता, अनिल कुमार कौशिक, वीरेन्द्र सिंह एवं जयप्रकाश रोथान को एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 247 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## न्यूज़ अपडेट

### जयपुर विकास प्राधिकरण प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

- जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने किया झण्डारोहण



**चमकता राजस्थान /जयपुर! (खलील कुरैशी) 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर जयपुर विकास प्राधिकरण प्रांगण में जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने झण्डारोहण किया ।इस अवसर पर जेडीए सचिव एवं मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा,केसमस्तअधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे ।जेडीसी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या एवं स्वतंत्रता दिवस पर जेडीए भवन को रोशनी से सजाया गया है।

### 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर जयपुर संभागीय आयुक्त डॉ.आरुषि मलिक ने किया झंडारोहण



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में झंडारोहण किया। इसके बाद उन्होंने सलामी गार्ड का निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त ने अतिथियों से मुलाकात की और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### एक्सीलेन्स नॉलेज सिटी फोर गर्ल्स महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 78 वाँ स्वतन्त्रता दिवस समारोह



**चमकता राजस्थान। जयपुर/सीकर! (खलील कुरैशी)** एक्सीलेन्स नॉलेज सिटी फोर गर्ल्स में 78 वाँ स्वतन्त्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। आजादी के पावन पर्व पर स्कूल, कॉलेज व बी.एड. महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंगा कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया गया ।समारोह में संस्था चैयरमेन जनाब वाहिद चौहान, के साथ मैनेजमेन्ट सदस्य असरार अहमद व अबरार अहमद तथा समस्त स्टाफ सदस्यों के अलावा अनेक अभिभावक उपस्थित रहे ।संस्था डायरेक्टर रिजवान चौहान व फलक नाज़ चौहान ने छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

# जयपुर विकास प्राधिकरण मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने के कुशल निर्देशन, प्रबंधन में अवैध निर्माणों पर कर रहा है निरंतर कार्रवाई

## विधिसम्मत एवं प्रभावी कार्रवाई कर सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

## सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमण किये ध्वस्त







चमकता राजस्थान

जयपुर,( खलील कुरैशी) 16 अगस्त। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-02 अखेपुरा में जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त एवं विद्याद्यर नगर सेक्टर नं.-08 में रोड़ सीमा, सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-04 में सरस्वती नगर में रोड़ सीमाओं को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अखेपुरा, जिला जयपुर में खसरा नम्बर-971 होलिका दहन की सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किये जाने की षिकायत प्राप्त होने पर आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित विद्याद्यर नगर सेक्टर नं. 08 ग्राम आखेड़ा डूंगर, जिला जयपुर में रोड़ सीमा व सरकारी भूमि सरकारी भूमि पर करीब 30 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाये गये चबूतरे, दुकान, कोठरी, टीनषेड़नुमा निर्माण थड़ी ठेलेंइत्यादिलगाकरकब्जा-अतिक्रमण किये जाने की षिकायत प्राप्त होने पर आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा-सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि-पार्क पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोंग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-02 को पत्र लिखा गया है। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-02 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई ।इसी प्रकार जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सरस्वती नगर सी ब्लॉक प्लॉट सी-24 के पासमेंरोड़सीमापरकब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल बनाकर लोहे के गेट इत्यादि लगाकर अतिक्रमण किये जाने की षिकायत प्राप्त होने पर आज जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-04 व प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## सांसद मंजू शर्मा एवं राव राजेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुआ जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम

# जिला कलक्टर ने किया आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण

### मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में आयोजित जनसुनवाई में 61 फरियादियों की हुई सुनवाई



चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 16 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने 61 परिवादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 9 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 61 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन के अभाव अभियोगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संवेदनशील हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल ने पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन को नियमित जनसुनवाई के निर्देश दिये हैं।

### जनसुनवाई में ये गणमान्य रहे मौजूद

जनसुनवाई में सांसद मंजू शर्मा सांसद राव राजेंद्रसिंह,विधायक प्रशांत शर्मा, विधायक डॉ शिखा मिल बराला, विधायक रफीक खान,अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता यादव, सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग,कृषि विभाग,वन विभाग,राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसी नेता एवं पूर्व अज़्मेर दरगाह कमेटी रहे चैयरमैन रहे आमीन पठान ने कोटा में विभिन्न स्कूलों में किया झंडारोहण

## स्वतंत्रता दिवस समारोह पर तिरंगा यात्रा सहित देशभक्ती के कार्यक्रमों में लिया भाग

चमकता राजस्थान

**जयपुर/कोटा (खलील कुरैशी)** कांग्रेस नेता और वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व चेयरमैन अज़्मेर दरगाह कमेटी रहे आमीन पठान ने कोटा में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों और संगठनो द्वारा आयोजित 'स्वतंत्रता दिवस समारोह' के कार्यक्रमों तथा तिरंगा यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लिया इसके साथ कई स्थानों ध्वजारोहण किया और भारत की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देते हुए हमारे राष्ट्रीय महापर्व स्वतंत्रता दिवस तथा हमारे मौलिक अधिकारों, मानवीय अधिकारों पर खुलकर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे असंख्य स्वतंत्रता सेनानी और अमर शहीदों, बुजुर्गों की कुर्बानियों के बदले हमें स्वतंत्रता मिली है हमें इसको संजोकर रखना चाहिए,इसकी गरिमा और मान सम्मान को आदर के साथ बरकरार रखना, देश की एकता अखंडता को अक्षुण्ण रखना चाहिए सभी देशवासियों को आपस में बंधुत्व, सामाजिक समरसता के साथ देश के विकास में सकारात्मक सहयोग देना चाहिए।









# 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर पिंकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने क्लब कार्यालय पर किया झण्डारोहण

- सीनियर पत्रकार साथियों ने डाला स्वतंत्रता दिवस और मौलिक अधिकार पर प्रकाश
- प्रेस क्लब कार्यकारिणी सहित मौजूद रहे वरिष्ठ और युवा पत्रकार

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी) 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पिंकसिटी प्रेस क्लब में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जहां क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने झंडारोहण किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने क्लब के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और इस दिन को गौरव और एकजुटता का प्रतीक बताया। क्लब महासचिव योगेन्द्र पंचौली ने समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्रता के 77 साल पूरे होने पर और 78वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार और क्लब के संस्थापक सदस्य प्रवीण चन्द छाबड़ा ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने क्लब कर्मचारियों को सम्मानित किया और स्वतंत्रता संग्राम की महत्ता पर जोर दिया।इस समारोह में कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें पूर्व अध्यक्ष राधारमण शर्मा, मुकेश मीणा, पूर्व महासचिव हरीश गुप्ता, श्याम सुंदर शर्मा, मुकेश चौधरी, कानाराम कड़वा, नरेंद्र सर्वोदय, क्लब कोषाध्यक्ष प्रसाद गिरिराज गुर्जर, उपाध्यक्ष विमल सिंह तंवर, ओमवीर भार्गव, पुष्पेंद्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, संजय गौतम, और शालिनी श्रीवास्तव अभय सिंह चौहान, खलील कुरैशी सहित युवा और वरिष्ठ पत्रकारऔर अन्य गणमान्य नागरिक शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिकेट टूर्नामेंट में नागरिक एकादश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से किया पराजित

**नवादा।** नवादा के हरिशचंद्र स्टेडियम के मैदान में शुक्रवार को प्रशासन एकादश तथा नागरिक एकादश के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों तथा समाज के खिलाड़ियों ,पत्रकारों ,बुद्धिजीवियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में नागरिक एकदश ने प्रशासन एकादश को चार विकेट से हराकर विजेता का खिताब जीत लिया। जिला प्रशासन उप विजेता बने। प्रशासन एकादश की कप्तानी एसपी अंबरीश राहुल ने की। नागरिक एकादश की कप्तानी नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी ने की। दोनों ओर के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने की। मौके पर उप- विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा, एडीएम चंद्रशेखर आजाद सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित थे। क्रिकेट टूर्नामेंट में एसपी अंबरीश राहुल को बेस्ट बैट्समैन तथा पत्रकार डॉक्टर संजय कुमार सुमन उर्फ साकेत बिहारी को बेस्ट बॉलर के किताब से नवाजा गया। डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने दोनों पक्ष के खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड देकर सम्मानित किया।

### पीकेएल नीलामी 2024: सीजन 9 के विजेता राहुल चौधरी को नहीं मिला खरीददार

**मुंबई।** यहां चल रहे प्रो कबड्डी लीग 2024 की नीलामी के दूसरे दिन सीजन 9 के विजेता राहुल चौधरी को कोई खरीददार नहीं मिला। उत्तर प्रदेश के इस रेडर ने जयपुर पिंक पैंथर्स के साथ सीजन नौ में पीकेएल का खिताब जीता था, जब फ्रेंचाइजी ने फाइनल में पुणेरी पल्टन को हराया था। उन्होंने तेलुगु टाइटन्स के साथ उद्घाटन सत्र के दौरान टूर्नामेंट में पदार्पण किया, जिसके साथ उन्होंने लगातार छह सीजन बिताए। पीकेएल का सीजन चार चौधरी के रेडर के रूप में सबसे बेहतरीन अभियानों में से एक था। उन्होंने 146 रेड पॉइंट बनाए, जो उस अभियान में किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक अंक थे, और टाइटन्स को सेमीफाइनल तक पहुंचने में मदद की। जबकि वे फाइनल में जगह बनाने से चूक गए, चौधरी ने मैच में 14 अंक बनाए। टूर्नामेंट के छठे सीजन से पहले, रेडर को टाइटन्स ने 1.29 करोड़ रुपये में वापस खरीद लिया। अगले सीजन में, उन्हें तमिल थलाइवाज ने 94 लाख रुपये की कीमत पर खरीदा था।

### डब्ल्यूबीबीएल: चमारी अटापट्टू ने सिडनी थंडर के साथ तीन सत्र के लिये किया करार

**सिडनी।** सिडनी थंडर ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024-25 से पहले प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के जरिए अगले तीन सत्र के लिए श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के साथ करार किया है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। अटापट्टू , जो पिछले सीजन में थंडर के लिए एक अनड्राफ्टेड खिलाड़ी के रूप में खेली थीं, ने उनके रोस्टर में चौथा विदेशी स्लॉट भरा। उन्होंने थंडर के चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेयर-ऑफ-द-टूनार्मेंट प्रदर्शन के साथ सीजन का समापन किया, जिसमें उन्होंने 42.46 की औसत से 552 रन बनाए और नौ विकेट लिए। अटापट्टू ने एक बयान में कहा, अगले तीन सत्रों के लिए सिडनी थंडर के साथ जुड़ना एक आसान निर्णय था, क्योंकि मैं इस क्लब के विजन में विश्वास करती हूं और मैं इसकी भविष्य की सफलता का हिस्सा बनना चाहती हूं।

### डब्ल्यूबीबीएल के अगले दो सीजन के लिए पर्थ स्कॉर्चर्स में बनी रहेंगी सोफी डिवाइन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी डिवाइन शुक्रवार को प्री-ड्राफ्ट साइनिंग पूरा करने के बाद महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के अगले दो सत्रों के लिए पर्थ स्कॉर्चर्स में बनी रहेंगी। पिछले साल मेलबर्न रेनेगेड्स ने डिवाइन को ऑलराउंडर मारिजने कप्प के ऊपर पर्थ स्कॉर्चर्स द्वारा रिटेन किया था। पिछले सीजन में दाएं हाथ की बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 37.61 की औसत से 489 रन बनाए थे, जिसमें ब्रिसबेन हीट के खिलाफ शतक भी शामिल था। कीवी खिलाड़ी ने अपने अभियान में 14 विकेट भी चटकाए। बेथ मूनी और एलीस विलानी के बाद डिवाइन डब्ल्यूबीबीएल के इतिहास में तीसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से डिवाइन ने कहा, मेरे लिए पर्थ वापस आना कोई बड़ी बात नहीं थी। मैंने पिछले चार सत्रों में खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ एक खास रिश्ता बनाया है, और मैं कहीं और खेलने की कल्पना भी नहीं कर सकती।

# कैमरून ने फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए घोषित की टीम

एजेंसी

**याउंडे।** कैमरून फुटबॉल महासंघ (फेकाफुट) ने गुरुवार को अगले महीने कोलंबिया में होने वाले फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए टीम घोषित कर दी है। कैमरून की राजधानी याउंडे में प्री-टूर्नामेंट प्रशिक्षण शिविर के पूरा होने के बाद 24 खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दिया गया। इसमें मुख्य रूप से घरेलू लीग में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। खेल विश्लेषक जेम्स मालू ने सिन्हुआ से कहा, स्पेन और फ्रांस में खेलने वाले कुछ ही खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा हैं, जिसका मतलब है कि कैमरून कोलंबिया में होने वाले टूनार्मेंट के दौरान अपनी स्थानीय प्रतिभाओं को दिखाना चाहता है। ये लड़कियां अच्छी हैं और अच्छा प्रदर्शन करने का वादा करती हैं।



टीम की अगुआई मिडफील्डर नाओमी एटो करेंगी। एटो ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में कहा, हमें ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और मेजबान कोलंबिया से बने एक कठिन समूह में रखा गया है। जब हम वहां जाएंगे तो हमारा ध्यान अपने काम पर रहेगा। हम वहां जीतने के लिए भी जा रहे हैं क्योंकि हम जीत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहली बार है जब इंडोमिटेबल लायनेसेस 24 टीमों के टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

## इस प्रकार है टीम

**गोलकीपर:** बिया कैथी, एनजीओले चेल्सी, एनजीए कैलिस्टे चैंटल।

**डिफेंडर्स:** माग मैरिएन इनेस, एस्सिमी इवौडो मार्लेन, डजची सेनिंग ऑर्लाइन, नगासेह एमबेले बनार्डेट, एमबीएंडजी सूजी, यंगा जेह एस्टेले लिन्सी, एनजीओनो मैरी विक्ट्री।

**मिडफील्डर्स:** एनजॉक पौहे निकोल, दिवाविसा टोडौ तोइरे, टोको नजोया अख्ता, अजांग मवेम्बे बेरेनिस सिमोन, नाओमी एटो, मेगुयेप न्गुयेप एंजेला, एनजीओक मोनिक।

**फॉरवर्ड्स:** कैमिला यवेटे दाहा, मेंडौआ ग्रेस डेविला, न्गुएलु सूफिया नीना, लामिन माना, एंगनेम्बेन एनी फेलिशिया टाउटिना, मेवा किकी क्रिस्टियन, एनजीओ बिलोंग एंड्री एम।

### नए ला लीगा सीजन की हुई शुरूआत

**मैड्रिड।** एथलेटिक क्लब बिलबाओ और गेटाफे ने गुरुवार रात एथलेटिक के सैन मैम्स स्टेडियम में 1-1 से ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीजन की शुरूआत की। एथलेटिक के आक्रामक मिडफील्डर ओइहान सैंसेट ने 27वें मिनट में मैच का पहला गोल किया, हालांकि क्रिसेंटस उचे, जो पहली बार ला लीगा में खेल रहे थे, ने 64वें मिनट में हेडर के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-1 से बराबरी दिला दी। स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निको विलियम्स 20 मिनट के खेल के बाद एथलेटिक के लिए मैदान पर आए और कुछ मिनटों तक जादू दिखाया, लेकिन गेटाफे के गोलकीपर डेविड सोरिया ने कुछ महत्वपूर्ण बचाव किए। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने वाली गिरोना को सेविले के बेनिटो विलामारिन स्टेडियम में बेटिस के खिलाफ एक अंक से संतोष करना होगा।

# ईशांत शर्मा, ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग के लिए तैयार

**दोनों खिलाड़ी पुरानी दिल्ली 6 टीम का हिस्सा हैं**

**डीपीएल शनिवार से नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होने वाला है**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन संस्करण में भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी ऋषभ पंत और ईशांत शर्मा अपने शानदार कौशल से प्रशंसकों को चकित करने के लिए तैयार हैं। दोनों खिलाड़ी पुरानी दिल्ली 6 टीम का हिस्सा हैं। डीपीएल शनिवार से नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होने वाला है।



पुरानी दिल्ली 6 डीपीएल के अपने शुरूआती मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स (डीपीएल) का सामना करेगी। यह डीपीएल का भी पहला मैच होगा। पुरानी दिल्ली 6 में विस्फोटक विकेटकीपर पंत और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के इर्द-गिर्द बनी एक जबरदस्त टीम है। फ्रैंचाइजी ने ऑलराउंडर ललित यादव और बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम शर्मा को भी टीम में शामिल किया है। पुरानी दिल्ली 6 ने 20 वर्षीय सलामी बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर अर्पित राणा और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को भी टीम में शामिल किया। पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने फ्रैंचाइजी की प्रेस रिलीज के हवाले से कहा, हम इस तरह के रोमांचक लाइनअप के साथ डीपीएल की शुरूआत करके रोमांचित हैं। ईशांत शर्मा और ऋषभ पंत के होने से हमारे पास जबरदस्त अनुभव और कौशल है, जिसने हमारे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। हमें विश्वास है कि पुरानी दिल्ली 6 लीग में एक मजबूत प्रभाव डालेगी।

दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में 40 मैच होंगे, जिसमें 33 पुरुष और 7 महिला खेल शामिल हैं, जो सभी प्रतिष्ठित श्री अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

# एएफसी चैंपियंस लीग 2 का निकाला ड्रा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एएफसी चैंपियंस लीग 2 का ग्रुप स्टेज ड्रॉ शुक्रवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। मौजूदा इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) शील्ड विजेता, मोहन बागान सुपर जायंट, इस नए-ब्रांडेड दूसरे-स्तरीय पुरुष एएफसी क्लब प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र टीम है। मोहन बागान एसजी को कतर के अल वकराह एससी, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के ट्रैक्टर एफसी और ताजिकिस्तान के एफसी रावशान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

आईएसएल की विज्ञप्ति के अनुसार, मेरिनर्स पिछले सीजन में एएफसी कप ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहे थे, इससे पहले वे दो बार इंटर-जोन प्ले-ऑफ सेमीफाइनल से बाहर हुए थे।

अल-वकराह एससी ने 2023-24 कतर स्टार्स लीग में चौथा स्थान हासिल करके एएफसी चैंपियंस लीग टू के लिए क्वालीफाई किया। आईएसएल के अनुसार, 2001-02 एशियाई क्लब चैम्पियनशिप के बाद से यह एशिया में उनकी पहली उपस्थिति होगी।

ईरानी टीम ट्रैक्टर एफसी ने 2023-24 पर्सियन गल्फ प्रो लीग में चौथे स्थान पर रहते हुए भी क्वालीफाई किया। वे 2021 और 2016 में दो बार पूर्ववर्ती एएफसी चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 में पहुंच चुके हैं।

### एएफसी चैंपियंस लीग दो ड्रा इस प्रकार है

ग्रुप एः अल वकराह एससी (क्यूएटी), ट्रैक्टर एफसी (आईआरएन), मोहन बागान सुपर जाइंट (आईएनडी), एफसी रावशन (टीजेके)।

ग्रुप बीः अल तावौन एफसी (केएसए), एयर फोर्स एससी ( इराक), अल खलदिया एससी (बीएचआर), अल्टीन असीर एफसी (टीकेएम)।

ग्रुप सीः सेपहान एससी (आईआरएन), शारजाह एफसी (यूएई), एफसी इस्तिक्लोल (टीजेके), अल वेहदत (जेओआर)।

ग्रुप डीः शबाब अल अहली (यूएई) ), पीएफसी नसाफ (यूजेडबी), अल हुसैन (जेओआर), कुवैत एससी (केयूडब्ल्यू)।

ग्रुप ईः सैनफ्रेसी हिरोशिमा (जेपीएन), सिडनी एफसी (एयूएस), काया एफसी-इलोइलो (पीएचआई), ईस्टर्न (एचकेजी)।

ग्रुप एफः झेजियांग एफसी (सीएचएन), पोर्ट एफसी (थाईलैंड), लायन सिटी सेलर एफसी (सिंगापुर), पर्सिब बांडुंग (आईडीएन)

ग्रुप जीः बैंकॉक यूनाइटेड (थाईलैंड), नाम दिन्ह एफसी (वियतनाम), ली मैन (हांगकांग), टैम्पाइन्स रोवर्स एफसी (सिंगापुर)

ग्रुप एचः जियोनबुक हुंडई मोटर्स एफसी (केओआर), सेलंगोर एफसी (एमएएस), मुआंगथोंग यूनाइटेड (टीएचए), डायनेमिक हर्ब सेबू एफसी (पीएचआई)।



# मनु भाकर को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपने आवास पर दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को सम्मानित किया और उन्हें 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

इससे पहले पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने इतिहास रच दिया था जब वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। भाकर और उनके साथी सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ मैच में दक्षिण कोरिया के ली वोनहो और ओह ये जिन को 16-10 से हराया। मनु और सरबजोत दोनों ने दक्षिण कोरियाई निशानेबाजों के खिलाफ श्रृंखला में लगातार 10 अंक बनाए और भारत के लिए दूसरा पदक जीता।

भाकर ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करके ओलंपिक में भारत का पदक खोला, इसके बाद, सरबजोत सिंह और भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल (मिश्रित टीम) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो भारत का पहला शूटिंग टीम पदक था।




### राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख बने रहेंगे लक्ष्मण

**लक्ष्मण का शुरूआती तीन साल का अनुबंध इस सितंबर तक था**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख के रूप में अपना कार्यकाल कम से कम एक साल के लिए बढ़ाएंगे। उनका शुरूआती तीन साल का अनुबंध इस सितंबर तक था। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, लक्ष्मण को आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी मुख्य कोच पद के लिए चुन रही थी, लेकिन अब एनसीए में उनकी ड्यूटी के कारण यह पद संभव नहीं है। उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों शितांशु कोटक, साईराज बहुतुले और ऋषिकेश कानितकर सहित कोचों की उनकी टीम द्वारा सहायता प्रदान किए जाने की संभावना है। लक्ष्मण के अनुबंध का विस्तार बेंगलुरु के बाहरी इलाके में एक नए अत्याधुनिक एनसीए परिसर के उद्घाटन से पहले हुआ है, जिसकी नींव कर्नाटक सरकार द्वारा 99 साल के पट्टे पर भूमि स्वीकृत किए जाने के 14 साल बाद जनवरी 2022 में रखी गई थी।

# संक्षिप्त खबरें

## नई दिल्ली से फिर चली मच्छर मार रेलगाड़ी



नई दिल्ली। रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली से एक विशेष ट्रेन 'मॉस्किटो टर्मिनेटर ऑन व्हील्स' शुरू की। यह ट्रेन प्रत्येक फेरे में लगभग 75 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि रेल पटरियों के किनारे गड्ढों एवं एकत्रित पानी में मच्छरों को पनपने से रोकने और उन्हें नियंत्रित करने तथा लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह मच्छर मार विशेष रेलगाड़ी चलाई गयी है। रेलवे कॉलोनियों और रेलवे भूमि में मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए रेलवे आवश्यक उपाय कर रहा है। इसके अलावा रेलवे ओवरहेड टैंकों की सफाई और पानी की टंकियों के गायब/क्षतिग्रस्त ढक्कनों को बदलना भी सुनिश्चित कर रहा है।

## पीएम मोदी ने नेतन्याहू से की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन किया। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई और प्रभावितों के लिए निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता के लिए भारत के आह्वान को दोहराया।

## यूक्रेनी सेना के लिए फंड जुटाने वाली महिला को 12 साल की सजा

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच एक रूसी महिला को दुश्मन देश के लिए फंड जुटाने पर कड़े दंड का प्रावधान करते हुए 12 साल की सजा सुनाई गई है। रूस की एक अदालत ने गुरुवार को अमेरिका और रूस की दोहरी नागरिकता रखने वाली केन्सिया खवाना को 12 साल जेल की सजा सुनाई है। केन्सिया को यह सजा यूक्रेनी सेना के लिए धन जुटाने के आरोप में सुनाई गई है। उस पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। खवाना को फरवरी में येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि उसने पिछले सप्ताह बंद कमरे में चल रही सुनवाई में अपना गुनाह कबूल कर लिया। खवाना ने कथित तौर पर एक अमेरिकी से शादी करने और लास एंजिलिस जाने के बाद अमेरिकी नागरिकता प्राप्त की। वह परिवार से मिलने के लिए रूस लौटी थी। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने कहा कि उसने यूक्रेनी संगठनों में से एक के हित में सक्रिय रूप से धन एकत्र किया था। इसका उपयोग बाद में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के लिए चिकित्सा आपूर्ति, उपकरण, हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए किया गया।

## स्पाइस जेट की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पाइस जेट की उस याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें स्पाइस जेट ने अपने विमानों में लगे तीन इंजनों को उतारकर उन्हें 15 दिनों के अंदर इंजन कंपनियों को सौंपने के सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने इस याचिका पर 20 अगस्त को सुनवाई करने का आदेश दिया। आज स्पाइस जेट की ओर से पेश वकील अमित सिब्बल ने कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष आज ही सुनवाई करने की मांग की। सिब्बल ने कहा कि अगर तीन इंजनों को उतारने के आदेश का पालन किया जाएगा तो दो एयरक्राफ्ट को उतारकर उड़ानों को रद्द करना पड़ेगा। उन उड़ानों के टिकट बुक हो चुके हैं। इन एयरक्राफ्ट में रोजाना एक हजार यात्री यात्रा कर रहे हैं। तब कोर्ट ने कहा कि आज सुनवाई संभव नहीं है, क्योंकि आज कई जज छुट्टी पर हैं। जजों को भी फाइल पढ़ने का समय दीजिए। उसके बाद कोर्ट ने याचिका पर 20 अगस्त को सुनवाई का आदेश दिया।

## कमला हैरिस पर बढ़ता जा रहा डेमोक्रेट का भरोसा, सर्वेक्षण में कई मुद्दों पर ट्रंप से आगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के डेमोक्रेट प्रत्याशी बनने से पार्टी में उत्साह है। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन जैसे-जैसे करीब आ रहा है, कमला हैरिस की योग्यता पर पार्टी का भरोसा बढ़ रहा। हालिया सर्वेक्षण में पाया गया है कि डेमोक्रेटिक पार्टी कार्यकताओं को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से निपटने की हैरिस की क्षमता पर थोड़ा अधिक भरोसा है। 85 प्रतिशत डेमोक्रेट को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हैरिस पर भरोसा है, जबकि लगभग 75 प्रतिशत बाइडन के बारे में भी यही कहते हैं। दूसरी ओर, रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को उत्तरी कैरोलिना की एक रैली में इस संदेश पर बने रहने के लिए बहुत कम प्रयास किया कि उनका अभियान एक बड़े आर्थिक संबोधन के रूप में पेश किया गया था। उनकी हैरिस को लेकर शिकायत भरी शैली ने डेमोक्रेट को जवाब देने की क्षमता को कमजोर कर दिया।

# दहेज प्रताड़ना के केस पर नौकरी से इनकार करना गलत

एजेंसी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि आईपीसी की धारा 498ए पूरे परिवार पर दबाव बनाने के लिए दर्ज कराई जाती है। इसलिए इसके आधार पर किसी को नौकरी देने से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने बाबा सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।

कोर्ट ने डीएम मिजार्पुर और मुख्य अभियंता लघु सिंचाई को नोटिस जारी करते हुए उनसे याचिका पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को सार्वजनिक सेवा से बाहर करने का इरादा रखने वाला कानून उम्मीदवारों को केवल इसलिए अयोग्य ठहराने की परिकल्पना नहीं करता है कि वे पारिवारिक विवादों में फंसे हुए हैं। न्यायमूर्ति मुनीर ने कहा कि आईपीसी की धारा 498ए के तहत शिकायत पूरे परिवार के खिलाफ दर्ज की गई है, ताकि उन पर दबाव बनाया जा सके। अगर इस तरह के अपराधों को सम्भावित उम्मीदवार के आपराधिक इतिहास का आकलन करने के लिए ध्यान में रखा जाए तो सार्वजनिक रोजगार के लिए बहुत नुकसान होगा। कोर्ट

- हाईकोर्ट ने कहा, आईपीसी की धारा 498ए की एफआईआर पूरे परिवार पर दबाव बनाने के लिए दर्ज कराई जाती है



ने टिप्पणी की कि चरित्र प्रमाण पत्र देने से इनकार करना तकनीकी रूप से या परिस्थितियों पर उचित विचार किए बिना नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले को संवेदनशीलता से न संभालने के लिए डीएम की आलोचना करते हुए चरित्र प्रमाणपत्र जारी न करने का औचित्य बताने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि चरित्र प्रमाणपत्र को भी तकनीकी रूप से और आंख मूंदकर अस्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। डीएम को इस मामले को संवेदनशीलता से निपटना चाहिए था।

मामले के तथ्यों के अनुसार याची बाबा सिंह का असिस्टेंट बोरिंग टेक्नीशियन के पद के लिए हुए चयन को गत 16 फरवरी के आदेश द्वारा रद्द कर दिया गया। इस आदेश को उचित ठहराते हुए यह आधार बताया गया कि बाबा सिंह के बड़े भाई और उनकी पत्नी के बीच वैवाहिक कलह थी, जिसके कारण भाभी के पिता ने बड़े भाई और याची सहित उसके सभी परिवार के सदस्यों के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए एवं 323 और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत आपराधिक शिकायत दर्ज कराई थी। बाबा सिंह ने आपराधिक शिकायत की कार्यवाही को चुनौती देते हुए सीआरपीसी की धारा 482 के तहत अर्जी दाखिल की, जिस पर कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के समक्ष लम्बित शिकायत की आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

### पीएम मोदी का लाल किले की प्राचीर से देश के नाम संबोधन

# देश को धर्मनिरपेक्ष सिविल कोड की ओर जाना होगा : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लालकिले की प्राचीर से एक समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए कहा कि संविधान निमार्ताओं ने इसका सपना देखा था और हमें इसे पूरा करना होगा। देश को सांप्रदायिक सिविल कोड के स्थान पर धर्मनिरपेक्ष सिविल कोड की ओर जाना होगा।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर देश के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता देश में चर्चा का विषय है। सुप्रीम कोर्ट भी अगल-अलग नागरिक संहिता पर चिंता व्यक्त कर चुका है। ऐसे में देश को सांप्रदायिक सिविल कोड के स्थान पर धर्मनिरपेक्ष सिविल कोड की ओर



जाना होगा। देश को इसपर व्यापक चर्चा करनी होगी। धर्म के आधार पर देश को बांटने वाले कानूनों का देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में भीतर और बाहर की चुनौतियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कुछ निराशावादी तत्व के बीच बैठी विकृति विनाश के सपने देख रही है। देश को इन्हें समझना होगा। साथ ही विश्व की शक्तियों को भी समझना होगा कि भारत का विकास किसी के लिए संकट नहीं है। यह शक्तियां संकट पैदा करने वाली तरकीबों से न जुड़े ताकि भारत को आगे निकलने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़े। हम बदनीयत वालों को नेक नीयत से जीतेंगे।

### राष्ट्र प्रथम की दोहरायी प्रतिबद्धता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लाल किले की प्राचीर से देश के नाम अपने संबोधन में राष्ट्र प्रथम की अपनी प्रतिबद्धता को आगे रखते हुए पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार की नीति और उससे प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने प्राथमिक आवश्यकताओं के लिए काम किया, जिसका लाभ आज वंचित समाज ले रहा है। उनकी सरकार ने राजनीतिक लाभ न देखते हुए भविष्य से जुड़े रिफॉर्म किये। इन्हीं का परिणाम है कि आज 'माईबाप' संस्कृति बदली है और सरकार खुद लाभार्थी तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री ने तीसरी बार उनकी सरकार चुनने के लिए जनता का धन्यवाद दिया।

### राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता का मामला

# दिल्ली हाई कोर्ट अगले हफ्ते करेगा सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर गृह मंत्रालय को फैसला करने का आदेश देने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। स्वामी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट अगले हफ्ते सुनवाई करेगा।

स्वामी की ओर से वकील सत्या सभरवाल ने दायर याचिका में कहा गया है कि सुब्रमण्यम स्वामी ने 2019 में गृह मंत्रालय को लिखा था कि बैकओप्स लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन ब्रिटेन में 2003 में हुआ था और राहुल गांधी उस कंपनी के निदेशकों में से एक थे। याचिका में कहा गया है कि कंपनी की ओर से 10 अक्टूबर, 2005 और 31 अक्टूबर, 2006 को भरे गए सालाना आयकर रिटर्न में कहा गया है कि राहुल गांधी की नागरिकता ब्रिटेन की है।

याचिका में कहा गया है कि कंपनी ने खुद को भंग करने के लिए 17 फरवरी, 2009 को दाखिल की गई अर्जी में भी राहुल गांधी की नागरिकता ब्रिटेन की बताई गई है। याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 9 और भारतीय नागरिकता कानून का उल्लंघन है। अनुच्छेद 9 में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति अगर स्वेच्छा से किसी दूसरे देश की नागरिकता लेता है तो वो भारत का नागरिक नहीं रह सकता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 29 अप्रैल, 2019 को राहुल गांधी को पत्र लिखकर कहा था कि इस संबंध में दो हफ्ते के अंदर स्पष्टीकरण दें लेकिन इसके पांच वर्ष से ज्यादा का समय बीतने के बावजूद कोई स्पष्टता नहीं है। ऐसे में कोर्ट गृह मंत्रालय को इस संबंध में फैसला लेने का दिशा-निर्देश जारी करे।

# सिविल सेवा की आकर्षक नौकरियों के चक्रव्यूह से बाहर निकलने का समय आ गया है : धनखड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को समाचार पत्रों में कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों की अतिशयता की ओर इशारा करते हुए युवाओं से कहा कि सिविल सेवा की आकर्षक नौकरियों के चक्रव्यूह से बाहर निकलने का समय आ गया है।

उपराष्ट्रपति ने आज दिल्ली के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) में बौद्धिक संपदा कानून और प्रबंधन में संयुक्त परास्नातक/एलएलएम डिग्री के पहले बैच को संबोधित करते हुए कहा कि अखबारों में कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों में आमतौर पर कुछ गिने चुने सफल चेहरे का इस्तेमाल कई संगठनों द्वारा किया जाता है। धनखड़ ने इस बात पर अफसोस जताया कि इन विज्ञापनों का एक-एक पैसा उन युवा लड़के-लड़कियों से आता है जो अपना भविष्य सुरक्षित करने की कोशिश में लगे हैं।

सिविल सेवा नौकरियों की संकीर्णता से मुक्त होने की वकालत करते हुए धनखड़ ने युवाओं को पारंपरिक करियर पथ से परे देखने तथा अधिक



आकर्षक और प्रभावशाली करियर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से अन्य क्षेत्रों में भी अवसरों की तलाश करने को कहा।

उपराष्ट्रपति ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का प्रयास कर रहा है। उनका यह बयान राहुल गांधी द्वारा हिंडनबर्ग की नवीनतम रिपोर्ट के बाद भारत के शेयर बाजार की अखंडता के बारे में चिंता जताए जाने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि मैं तब बहुत चिंतित हो गया, जब पिछले सप्ताह ही एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने एक सुप्रचारित मीडिया में घोषणा की, मैं कहूंगा कि यह एक अभियान है, जिसमें उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेकर अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करके हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट करने के उद्देश्य से एक कथानक को हवा देने का अनुरोध किया।

धनखड़ ने कहा कि संस्था का अधिकार क्षेत्र भारतीय संविधान द्वारा परिभाषित किया गया है, चाहे वह विधायिका, कार्यपालिका या फिर न्यायपालिका हो। न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र तय होता है। दुनिया भर में देखें, अमेरिका में सर्वोच्च न्यायालय को देखें, ब्रिटेन में सर्वोच्च न्यायालय को देखें या अन्य प्रारूपों को देखें। उन्होंने कहा कि क्या एक बार भी स्वतः संज्ञान लिया गया है? क्या संविधान में दिए गए प्रावधान से परे कोई उपाय बनाया गया है? यह समीक्षा भी प्रदान करता है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हुए अत्याचार के खिलाफ महिलाओं ने रैली निकाली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ शुक्रवार को दिल्ली के मंडी हाउस से जंतर-मंतर तक एक रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया। नारी शक्ति फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस विशाल रैली में दिल्ली के विभिन्न स्थानों से आयी महिलाओं ने भाग लिया। रैली में शामिल हुए लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज और तख्तियां ली हुई थीं। इन पर लिखा था कि बांग्लादेश में हिन्दुओं और



अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद होना चाहिए। रैली में शामिल महिलाओं का कहना था कि बांग्लादेश में सत्ता विरोधी आंदोलन में हिन्दुओं का क्या कसूर था कि उन पर अत्याचार किए गए।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हाल में हुए सत्ता विरोधी प्रदर्शनों में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले और हिंसा हुई है। इस दौरान उनके धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया गया, घरों को जलाया गया और महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की गई।

## टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का फैसला 30 को

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के मामले में जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फैसला टाल दिया है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने 30 अगस्त को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर 19 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर की ओर से पेश वकील मनु शर्मा ने कहा था कि सीबीआई ने इस मामले में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। उन्होंने कहा कि 2009 में सह आरोपित सुरेश कुमार पानेवाला के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जिसे ट्रायल कोर्ट ने बरी कर दिया। मनु शर्मा ने कहा कि 1984 से 2022-23 तक इस मामले में कोई गवाह नहीं था। इतने लंबे समय बाद बनाए गए गवाहों पर भरोसा कैसे किया जा सकता है।

**आत्मनिर्भरता** रूस से खरीदी गईं आर-73 और आर-27 मिसाइलों की 'शेल्फ लाइफ' हो रही थी खत्म

# भारतीय वैज्ञानिकों ने बनाया नया हथियार 'समर-2'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस से एक जमाने में खरीदी गईं मिसाइलों को खराब होते देख भारतीय वैज्ञानिकों ने नया हथियार बना दिया है। इसी साल फरवरी में भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज (राजस्थान) में युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति' में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल की मारक क्षमता का प्रदर्शन किया था। अब भारतीय वायु सेना हवा से हवा में मार करने वाली इन मिसाइलों को नए एयर डिफेंस सिस्टम 'समर-2' के साथ लैस करके जल्द ही परीक्षण करने की तैयारी में है।

दरअसल, काफी समय पहले



रूस से खरीदी गईं हवा से हवा में मार करने वाली आर-73 और आर-27 मिसाइलों की 'शेल्फ लाइफ' खत्म हो रही थी। वायु सेना के खजाने में बेकार हो रही इन मिसाइलों की संख्या हजारों में है, इसलिए करोड़ों रुपये बर्बाद होते देख वायु सेना की रखरखाव कमान ने इनकी जिंदगी बदलने का फैसला लिया। वायु सेना के 7 बेस रिपेयर डिपो तुगलकाबाद (बीआरडी) और 11 बेस रिपेयर डिपो ओझर ने निजी क्षेत्र की दो भारतीय कंपनियों सिमरन फ्लोटेक इंडस्ट्रीज और यामाजुकी डेन्की के साथ मिलकर एक प्रणाली विकसित की। भारतीय वायु सेना के लिए बनाई गई छोटी दूरी की त्वरित प्रतिक्रिया वाली इस प्रणाली को सरफेस टू एयर मिसाइल फॉर एश्योर्ड रीटैलिएशन (एसएएमएआर) यानी 'समर' नाम दिया गया। इस तरह वायु सेना की हवा से हवा में मार करने वाली रूसी मिसाइलों आर-73 और आर-27 को सेना के लिए जमीन से हवा में मारक क्षमता के लायक बना दिया गया।

### किसी भी हवाई टारगेट को हिट करने में सक्षम

भारतीय सेना के लिए समर मिसाइल ट्रक से लॉन्च की जाती है, जो 2982 किमी.प्रति घंटे की रफ़्तार से किसी भी हवाई टारगेट को हिट कर सकती है। इस मिसाइल सिस्टम का संचालन वायुसेना की बीआरडी यूनिट करती है। ये मिसाइलें किसी भी तरह के हवाई टारगेट यानी हेलीकॉप्टर और फाइटर जेट्स को निशाना बना सकती हैं। इसके लॉन्चर पर दो मिसाइलों को लगाने की व्यवस्था है। इस मिसाइल की रेंज 12 से 40 किमी. है। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली 'समर आकाश' ने पिछले परीक्षण के दौरान रेंज के भीतर निर्धारित किये गए लक्ष्य पर निशाना लगाकर अपनी उपयोगिता साबित की है। भारतीय वैज्ञानिकों ने अब नया एयर डिफेंस सिस्टम ईजाद किया है, जिसे समर-2 नाम दिया गया है। अब वायु सेना इस नए सिस्टम का जल्द ही परीक्षण करने की तैयारी में है। इसमें लगने वाली मिसाइल का निशाना चूकता नहीं है। अगर इसे पाकिस्तान या चीन सीमा पर तैनात किया जाए तो दुश्मन की मिसाइल को हवा में 30 किलोमीटर दूर ही खत्म करके देश की सीमा में आने ही नहीं देगी। समर-2 में लगने वाली हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल 253 किलो वजन की 13.4 फीट लंबी है। इसका व्यास 9.1 इंच है और इसमें पंखें लगे होते हैं, जिनका विंगस्पैन 30.4 इंच है। इसमें 39 किलो का वॉरहेड लगा सकते हैं। इन मिसाइलों को दागने वाले ट्रक भी अलग-अलग हैं।

### बांग्लादेश के प्रमुख सलाहकार ने मोदी को किया फोन

# हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने फोन किया। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतांत्रिक, स्थिर और शांतिपूर्ण बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया, वहीं मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रो. मोहम्मद यूनुस से फोन पर बात की। मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली के लाल किले से अपने भाषण में कहा था कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की ली सलामी

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया दौसा में ध्वजारोहण

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** दौसा के जिलेभर में 78 वां स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने ध्वजारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

पंडित नवल किशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दौसा में आयोजित जिला स्तरीय स्वतन्त्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने प्रातः 9:05 बजे झण्डारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी ली। मार्चपास्ट परेड कमाण्डर चारूल गुप्ता सी.ओ. नांगल राजावतान के नेतृत्व में आरएसी, राजस्थान पुलिस, होमगार्ड, महिला प्लाटून, एनसीसी एसडी, हिन्दुस्तान गाईडस, हिन्दुस्तान स्काउटस, भारत स्काउट गाईड्स रोवर एवं भारत स्काउट गाईड्स रैंजर की टुकडियों के दल ने मार्च पास्ट किया। मुख्य समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमित्रा पारीक ने महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन किया।

जिला स्तरीय स्वतन्त्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने 78 वें स्वतन्त्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए, स्वतन्त्रता संग्राम में शहीद होने वाले एवं उसमें भाग लेने वाले स्वतन्त्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों एवं मार्गदर्शकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश की उन्नति और देशवासियों के सम्मान के लिए कई नवाचार कर रहे हैं। वहीं प्रदेश की डब्बल इंजन सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास की और अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगे की शान में अब हर घर तिरंगा अभियान यूनिक फेस्टीवल बन गया है। इस पहल के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत के प्रति नई आशा व विश्वास पैदा हुआ है, हमारे पास डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी और डाइवर्सिटी का संगम है तथा सरकार सर्वजनहिताय एवं सर्वजनसुखाय के लिए काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्रगति अब केवल शहरों तक नही अपितु गांवों, ढाणियों एवं कस्बों तक है, जो अत्योंदय के विकास का परिचायक है। उन्होंने कहा कि अब नौजवानों के पास रोजगार के अवसरों की कोई कमी नही हैं। हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सभी वर्ग के उत्थान के लिए विकसित राजस्थान हेतु जनसमर्पित बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, कला एवं स्वदेशी के क्षेत्र में आगे बढ रहा है, वहीं समाज के हर वर्ग महिला, बुजुर्ग, किसान एवं खिलाडी सभी का उत्थान भी हो रहा है।

उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भ्रष्टाचार और पेपर लीक के खिलाफ सख्त कार्यवाही, उर्जा एवं उद्योग के क्षेत्र में एमओयू, ईआरसीपी के माध्यम से पूर्वी राजस्थान में एवं यमुना का पानी शेखावाटी क्षेत्र तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है, साथ ही पर्यटन को बढावा, युवाओं को रोजगार, महिलाओं के सशिक्तकरण के लिए भी सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जहां विश्व की पांचवी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन चुका है, वहीं हमारी सेना ने दुश्मन को घर में घुस कर सबक सिखाया है। हमारे देश भारत ने विश्व में जहां वसुधैव कटुम्बकम की भावना को चरितार्थ किया है, वहीं स्वदेशी के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर भी बनाया है तथा नई शिक्षा नीति व नई विदेश नीति के माध्यम से जहां शिक्षा का स्तर सुधरा है, वहीं हर भारतवासी को विश्व में सम्मान भी मिला है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान के लिए विरासत के साथ विकास भी किया जा रहा है। देश के हर कोने को सुगम आवागमन से जोडा जा रहा है तथा गरीब को निःशुल्क आवास व अन्न मिल रहा है, वहीं शौचालय व उज्जवला के माध्यम से महिलाओं को सम्मान भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश का किसान गुणवत्तापूर्ण आधुनिक तकनीक को अपना रहा है, वहीं देश के जवान आधुनिक स्वदेशी हथियारों से लैस है। उन्होंने कहा अब नया भारत आत्मविश्वास से भरा एवं संकल्पों को पूर्ण करने वाला भारत है।

समारोह के दौरान छात्र -छात्राओं द्वारा सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन किया गया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लहराता है परचम अभिनय गीत के माध्यम से आनन्द शर्मा बालिका राउमा विद्यालय की छात्राओं द्वारा, जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं द्वारा आयो रे शुभ दिन आयो रे अभिनय गीत प्रस्तुती, बालिका आदर्श विद्या मंदिर की बालिकाओं ने अभिनय गीत हम अपना फर्ज निभाने चले के माध्यम से प्रस्तुती दी तथा विवेकानंद सीनियर सैकण्डरी स्कूल की छात्र- छात्राओं ने अभिनय गीत हमने बात यही मन में ठानी है के माध्यम से, फ्रेम इन्टरनेशनल स्कूल दौसा की छात्र- छात्राओं ने अभिनय गीत हम हिन्दुस्तानी के माध्यम से एवं महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा खुर्द के छात्र- छात्राओं ने तेरा हिमालय आकाश छूले अभिनय गीत के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियॉ दी।

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा कार्यक्रम के दौरान जिले में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 52 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, वहीं शहीदों की वीरांगानों को शॉल ओढाकर एवं स्वतन्त्रता सेनानियों को शॉल ओढाकर एवं ताम्रपत्र भेटकर सम्मानित किया गया। तथा परेड में प्रथम स्थान महिला प्लाटून एवं द्वितीय स्थान पर राजस्थान पुलिस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान पर बालिका आदर्श विद्या मंदिर दौसा व द्वितीय स्थान पर महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा खुर्द को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमला शर्मा ने किया।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह में दौसा सांसद मुरारी लाल मीना, जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रंजिता शर्मा, पूर्व विधायक शंकर लाल शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभूदयाल शर्मा, उपवन संरक्षक अजीत उंचोई, जिला प्रमुख हीरा लाल सैनी, नगर परिषद सभापति श्रीमती ममता चौधरी, पंचायत समिति प्रधान दौसा प्रहलाद मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती सुमित्रा पारीक, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालसोट लोकेश सोनवाल, उप जिला कलक्टर दौसा मनीष कुमार जाटव, उप पुलिस अधीक्षक दौसा श्री रवि प्रकाश, उप पुलिस अधीक्षक नांगल राजावतान सुश्री चारूल गुप्ता, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द नारायण माली, जिला कोषाधिकारी जगदीश प्रसाद मीना, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक राधेश्याम बैरवा सहित जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, प्रबुद्ध नागरिक, अन्य अधिकारी-कार्मिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सहायक जनसंपर्क अधिकारी चारू मीणा को जिला कलक्टर ने किया सम्मानित

- **36 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया गया सम्मानित**



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 16 अगस्त।** उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सहायक जनसम्पर्क अधिकारी चारू मीणा को सम्मानित किया। जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय सम्मान समारोह में चारू मीणा सहित कोषागार, राजस्व शाखा, लेखा शाखा, रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों में पदस्थापित 36 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह के दौरान कलक्टर ने कहा कि इस सम्मान से ना केवल अधिकारियों के मनोबल में अभिवृद्धि होगी साथ ही अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कौशल एवं प्रतिभा से काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### सामाजिक संगठन रायल ग्रुप ने स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण कर ,किया ज्यूस वितरण कार्यक्रम

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में रॉयल ग्रुप राजस्थान की तरफ से सरकारी स्कूलों में




एवंम अनाथ आश्रम और कुष्ठ आश्रम मे जूस वितरण किया गया रॉयल ग्रुप के संस्थापक रविंद्र सिंह चिंडालिया और प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह मंढा एवम उन के साथियों द्वारा जूस वितरण किया गया सुबह से ही विभिन्न सरकारी स्कूलों में जूस वितरण शुरू किया गया जिन स्कूलों में जूस वितरण किया गया वह निम्न प्रकार से है शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल सरकारी स्कूल खातीपुरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंचावला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मीनावाला, कमला देवी बुधीया उच्च माध्यमिक विद्यालय अजमेर रोड, शहीद संकल्प यादव विद्यालय सोडाला, शहीद मेजर आलोक माथुर सरकारी स्कूल झोटवाड़ा, सिद्धार्थ पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल झोटवाड़ा, राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय प्रेमपुरा , लाल बहादुर शास्त्री पब्लिक स्कूल झोटवाड़ा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरनाथपुरा झोटवाड़ा, श्रीमती धापू देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुरा, इंदिरा कुष्ठ आश्रम झोटवाड़ा, ए.ओ.एस चिल्ड्रेन विलेज बनी पार्क जयपुर

- **रॉयल ग्रुप के ये गणमान्य रहे रहे मौजूद**

गोपाल सिंह तोशिना,राम सिंह लाडोली, लक्ष्मण सिंह बड़ोद, जीवराज सिंह गोगावास, पुष्पेंद्र सिंह जसूपपुरा, अजीत सिंह नावद ,लक्ष्मण सिंह तोशिना, देवेंद्र सिंह रमजीपुरा, नरेंद्र सिंह खोकरिया

### एसडीआरएफ ने चित्तौड़गढ़ के पाडाझर महादेव मंदिर के झरने में फंसे 53 दर्शनार्थियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी) 16 अगस्त।** चित्तौड़गढ़ जिले में थाना रावतभाटा अंतर्गत पाड़ाझर महादेव मंदिर में दर्शन करने के दौरान झरने में अचानक पानी का तेज बहाव आने के कारण मंदिर में ही फंसे 53 श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। बचाए गए दर्शनार्थियों में 31 पुरुष 14 महिला एवं 8 बच्चे शामिल है एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि गुरुवार को चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा थाना क्षेत्र में स्थित पाडाझर महादेव मंदिर में दर्शन करने पहुंचे दर्शनार्थी अचानक झरने में पानी का तेज बहाव आने के कारण फंस गए। सूचना मिलने पर आपदा राहत एवं बचाव हेतु कोटा की रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात बी कंपनी के प्रभारी हेड कांस्टेबल अम्मी लाल को तुरंत घटनास्थल पर रवाना होने के निर्देश दिए गए।रेस्क्यू टीम प्रभारी 11 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ मध्य रात 11:00 बजे थाना रावतभाटा पहुंचे। सभी नागरिकों के मंदिर में सुरक्षित होने और खाने-पीने की उचित व्यवस्था स्थानीय प्रशासन द्वारा कर दिए जाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह से शुरू करने के निर्देश मिले। शुक्रवार प्रातः 8:30 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।टीम कमांडर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवान देवराज दीपक, शैतान, अमृत लाल, धारा सिंह, हनुमान, हरिओम, देवकरण, हेमराज तथा रिंकू कुमार ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम मोटर बोट की सहायता से झरने को पार कर मंदिर में फंसे दर्शनार्थियों के पास पहुंची। उसके बाद सभी 53 दर्शनार्थियों को लाइफ जैकेट पहनाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

### जन सेविका एवं भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. कंचन सोरल ने मुंह बोले भाई को बांधी राखी




चमकता राजस्थान

**मनोहरपुर (खलील कुरैशी)।** (जयपुर ग्रामीण)पूर्व पंचायत समिति शाहपुरा जयपुर की सदस्या एवं वर्तमान प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी राजस्थान,बगरु विधानसभा से जानी-मानी जन सेविका डॉ कंचन सोरल ने पिछले 11 वर्षो से अपने निजी भाईयों से पहले वर्ष 2024 की पहली राखी अपने मुंह बोले भाई मनोहरपुर डाक अधिदर्शक शुभम कमल शर्मा को रक्षाबंधन पर राखी बांधी। जिससे समाज को एक गलत सोच व जातीय मतभेद जैसी समस्या को दूर करते हुए सम्पूर्ण तहसील स्तर मे एक अनूठा निस्वार्थ भाव प्रेम का प्रतीक बनी और बदले में केवल एक रुपये लेकर समाज में एक अनोखे रिश्ते का उदाहरण देते हुए डॉ कंचन सोरल ने कहा कि प्रदेश स्तर पर सोशल मीडिया प्रभारी होते हुए व बगरु विधानसभा क्षेत्र में लगातार जन सेवा तथा जन सम्पर्क से पिछले कुछ सालों में जीवन व्यस्त हो गया था लेकिन फिर भी भाई भाभी पहली राखी बांधने पर मे यह कह सकती हु कि निस्वार्थ भावना से बना रिश्ता हमेशा बहुत दूर तक चलता है और ये अद्भुत पल है कि मैं और मेरा भाई परिवार सहित यह रिश्ता पिछले 11 वर्ष से लगातार निभा रहे हैं और इस रिश्ते को मरते दम तक निभायेंगे.

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

# महान स्वतंत्रता सेनानी के त्याग,और कुर्बानी के उपरांत ही देशवासियों मिल पायी थी स्वतंत्रता

### देश हमेशा हमेशा ऐसे अमर अजर वीर शहीद योद्धाओं का ऋणी रहेगा : कुलपति प्रो. संजीव शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रेय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि शौर्य पदक विजेता कर्नल जितेंद्र सिंह एवं कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण करके किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शौर्य पदक विजेता कर्नल जितेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा हमें मिली स्वतंत्रता में किसान, जवान, वैज्ञानिक के साथ देश के सभी नागरिकों का योगदान है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी और राष्ट्रीय पर्व के का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वतंत्रता के महत्व को बताया। विद्यार्थियों को देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति की सीख देने के साथ करगिल में दुश्मनों के साथ जंग के दौरान युद्धकौशल से जुड़े सेना की बहादुरी और देश की सुरक्षा के लिये आर्मी द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यार्थियों द्वारा शहादत, भष्ट्राचार, स्टार्टअप, डिजिटल लेनदेन के बारें प्रकाश डाला गया,कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र का यह महान पर्व और आज का दिन हमारे लिए बहुत बड़ा है, यह हमारे लिए गौस का दिन है आज का दिन उन स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का दिन है जिन्होंने इस स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया। हम उन अमर चीरो की जीवनी, गाथा, कहानियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका में योगदान दे सकते है। 7॥में स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित्त की गई विभिन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा अपने किएटिव आईडिया से बेस्ट से बेस्ट कलाकृति बनाने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय अभिनय, देशभक्ति से जुड़े संदेश, गीतों एवं डांस की प्रस्तुति के साथ योगाभ्यास से स्वस्थ एवं निरोगी रहने स्थान पर विजेता रहे प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। विजेता प्रतियोगियों को कुलपत्ति प्रोफेसर संजीव शर्मा, मुख्य अतिथि शौर्य पदक विजेता कर्नल जितेंद्र सिंह, प्रे. सुनील यादव, प्रो. एच.एम.एल मीना द्वारा सम्मानित किया गया एवं संस्थान के चिकित्सकों द्वारा लिखी गई पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अयोजन का समन्वय डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ पुनीत चतुर्वेदी द्वारा किया गया। 78वें स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिसर को तिरंगा थीम पर रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929